
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



बनो प्यारे-न्यारे से भाई-बहन | पुलकित को सिखाया सबक

वर्ष : 12 | अंक : 244 | लखनऊ, 28 अगस्त, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू के टीवी इंटरव्यू ने राजनीति को गरमाया

# परिसीमन बिल पर विशेष सत्र बुलाए जाने की चर्चा पर खरगे ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिख इस मामले में स्पष्टीकरण देने को कहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के द्वारा एक टीवी इंटरव्यू के दौरान परिसीमन बिल को लेकर दिए गए बयान ने देश की राजनीति को गरमा दिया है। उनके बयान को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। साथ ही उन्होंने एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की भी मांग की है।



### अगले चुनावों से ही महिलाओं के लिए 33% आरक्षण देने को कहा



खरगे ने 2029 के अगले लोकसभा चुनावों से ही महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत प्रभाव से लागू करने की मांग की है। पीएम मोदी के नाम लिखी इस चिट्ठी में खरगे ने कहा है कि सरकार परिसीमन को लेकर जो भी प्रस्ताव तैयार कर रही है उस पर चर्चा के लिए सभी राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों की एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। खरगे का कहना है कि प्रस्तावित मसौदे को संसद में लाने से पहले सभी विपक्षी दलों को उसका अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए।

### विशेष सत्र की अटकलों पर जताई चिंता

खरगे ने अपने पत्र में 16 जुलाई 2026 को लिखे गए अपने पिछले पत्र का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा हाल ही में दिए गए एक टीवी इंटरव्यू के बाद यह साफ होता जा रहा है कि सरकार परिसीमन से जुड़ा नया विधेयक लाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार कर रही है। शायद यही कारण है कि संसद के मानसून सत्र का सत्रावसान करने में लगातार देरी की जा रही है।

### लोकसभा सीटों की संख्या 25 वर्षों तक न बदलें

खरगे ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति स्पष्ट है। लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या अगले 25 वर्षों तक नहीं बदली जानी चाहिए। इसके साथ ही राज्यों के हिसाब से लोकसभा सीटों की मौजूदा संख्या भी 25 वर्षों तक बरकरार रखने की मांग की गई है। कांग्रेस का तर्क है कि परिसीमन जैसे बड़े मुद्दे पर जल्दबाजी के बजाय व्यापक राजनीतिक चर्चा जरूरी है।

### ये रहा बहुमत का गणित

बजट सत्र के दौरान मोदी सरकार द्वारा लाया गया 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में अपेक्षित दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका था। 528 सांसदों में से 298 ने इसके पक्ष में और 230 ने इसके खिलाफ मतदान किया था, जिससे यह विधेयक गिर गया था। पहले की तुलना में संसद में एनडीए की स्थिति मजबूत हुई है। सबसे पहले पंजाब से आने वाले आप के राज्यसभा के 7सांसदों ने भाजपा का दामन थाम लिया था। पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मिली करारी हार के बाद लोकसभा के 20 सांसदों ने अपना अलग गुट बना लिया। सरकार को डीएमके और शरद पवार की पार्टी से भी इस पर समर्थन मिलने की उम्मीद है।

### भाजपा-अकाली दल के गठबंधन की बढ़ी अटकलें

## दोनों दल साथ आए तो पंजाब में बदलेगी कई सीटों पर तस्वीर



पंजाब में भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के संभावित पुनर्गठन की चर्चाएं तेज हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के विधानसभा-वार आंकड़ों से इस गठबंधन की संभावित ताकत का आकलन किया गया है। यदि दोनों दल साथ आते हैं तो करीब 21 विधानसभा क्षेत्रों में उनका संयुक्त वोट कांग्रेस या आप से अधिक हो सकता है। यह केवल एक गणितीय विश्लेषण है।अलग-अलग चुनाव लड़ने के बावजूद दोनों दलों ने कुल 32 विधानसभा क्षेत्रों में अपनी बढ़त बनाई थी। इन दोनों दलों के वोटों को जोड़ने पर कई अन्य सीटों पर भी चुनावी समीकरण बदल सकते हैं।

---

### खबर संक्षेप

#### तेलुगू डाइरेक्टर पवन पर गंभीर आरोप, जेल



**चेन्नई।** पवन सादिनेनी तेलुगू सिनेमा के जाने-पहचाने डाइरेक्टर हैं। पवन मल्टी-लैंग्वेज फिल्म 'आकासम लो ओका तारा' पर काम कर रहे थे। इन सब के बीच उन पर गंभीर आरोप लगे हैं। पवन पर एक महिला की शिकायत पर यौन शोषण, मारपीट और शादी का झांसा देकर धोखा देने का केस दर्ज करया है। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

#### पर्यटक बस पेट्रोल पंप से टकराई, 20 घायल



**कोच्चि।** केरल के एर्नाकुलम जिले के कक्कूर में गुरुवार को करीब 35 यात्रियों को ले जा रही एक पर्यटक बस पेट्रोल पंप के एक हिस्से से टकरा गई, जिससे कम से कम 20 लोग घायल हो गए। सड़क पर अचानक मुड़ रहे एक दोपहिया वाहन को बचाने के प्रयास में बस बेकाबूहो गई। बस कलाडी से विवाह समारोह के लिए लेकर जा रही थी।

#### बाली पहलवान को मिली उम्रकैद की सजा



**रोहतक।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल राठी की अदालत ने 15 साल पुराने हत्या के मामले में महम से इनेलो के पूर्व विधायक बलबीर सिंह उर्फ बाली पहलवान समेत 7 को दोषी करार दिया। कोर्ट ने गुरुवार को सातों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। अन्य 8 को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।

#### पीएम मोदी ने बालकृष्णन के निधन पर जताया दुख



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विवेकानंद शिला स्मारक एवं विवेकानंद केंद्र के अध्यक्ष ए. बालकृष्णन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने कहा कि बालकृष्णन ने 5 दशक से अधिक समय स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 'एक्स' पर तस्वीर भी साझा की।

### बेंगलुरू में होना था आयोजन

## एनएलएसआईयू ने रद्द कर दिया दीक्षांत समारोह,डिग्री पर सवाल!




अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

यहां स्थित राष्ट्रीय विधि विद्यालय (एनएलएसआईयू) ने 2026 में स्नातक होने वाले छात्रों का 34वां वार्षिक दीक्षांत समारोह रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 3 अगस्त को छात्रों को ईमेल भेजकर बताया था कि दीक्षांत समारोह 12 सितंबर को आयोजित किया जाएगा

अब 27 अगस्त को जारी एक नोटिस में विश्वविद्यालय ने कहा है कि कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण इस बार दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय ने नोटिस में कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद 34वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित करना संभव नहीं है।

### छात्रों ने किया था सीजेआई का विरोध



*दीक्षांत समारोह रद्द करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब एनएलएसआईयू के छात्रों और पूर्व छात्रों ने भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पर आपत्ति जताई थी।एनएलएसआईयू के 700 से अधिक छात्रों और पूर्व छात्रों ने दोनों के दीक्षांत समारोह में शामिल होने का विरोध किया था। उन्होंने भारतीय विधिज्ञ परिषद से राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (नलसार) के छात्रों और शिक्षकों से बिना शर्त माफी मांगने की मांग भी की थी।*

### अब छात्रों को दी ये सुविधाएं

- विश्वविद्यालय ने छात्रों को डिग्री और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के 2विकल्प दिए हैं।
- छात्र अपने प्रमाणपत्र डाक/कूरियर के माध्यम से मंगवा सकेंगे।
- छात्र चाहें तो परिसर में आकर अपने प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे।
- विकल्प को चुनने के लिए विश्वविद्यालय एक नया प्रपत्र जारी करेगा।
- प्रक्रिया की जानकारी सभी स्नातक छात्रों के साथ साझा की जाएगी।
- स्नातक छात्रों को संबंधित शासी निकायों से मंजूरी के बाद डिग्री दी जाएगी।

### प्रधानमंत्री ने सैकड़ों खिलाड़ियों, छात्रों और स्वयंसेवकों को वर्चुअली संबोधित किया

# खेलों को बनाना है राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा, खेलेंगे तो ही खिलेंगे



## पदक संख्या तभी बढ़ेगी जब सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग में हमारी भागेदारी हो

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ओलंपिक में शामिल आधे खेलों में भारत की भागीदारी नहीं होने पर अफसोस जताया और कहा कि देश की पदक संख्या तभी बढ़ सकती है जब सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग जैसे उन खेलों में भी भारतीय खिलाड़ी तैयार हों जिनमें अब तक उन्होंने हिस्सा नहीं लिया है।

शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस से पहले 'खेलो इंडिया संवाद' के लिए विभिन्न स्थानों पर जुटे सैकड़ों खिलाड़ियों, छात्रों और स्वयंसेवकों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि खेलों को लेकर उनका दृष्टिकोण केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है बल्कि खेलों को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाना है। ओलंपिक में कई अलग-अलग खेल होते हैं... भारतीय टीमें इनमें से आधे खेलों में भी हिस्सा नहीं लेतीं जिसका मतलब है कि हम पदकों की कुल संख्या के एक बड़े हिस्से के लिए प्रतिस्पर्धा ही नहीं करते।

### खेलो इंडिया संवाद के तहत गुजरात के गांधीनगर में आयोजन

### 1,500 नामी-गिरामी प्रतिभागियों ने किया संवाद

खेलो इंडिया संवाद के तहत गुजरात के गांधीनगर में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक युवाओं और एथलीटों ने हिस्सा लिया। मीडिया से बातचीत के दौरान, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के 5,000 से अधिक कॉलेज जुड़े। कार्यक्रम में 1,500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें द्रोणाचार्य और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कोच तथा सक्रिय खिलाड़ी भी शामिल रहे। एथलीटों ने देश के युवाओं के साथ संवाद कर



खेल मंत्री मनसुख मांडविया

खेलों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्र सरकार ने देशभर में मजबूत खेल इकोसिस्टम और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 36,000 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसके तहत खेल सुविधाओं और अकादमियों के विकास पर काम किया जाएगा।

### पैरा खिलाड़ियों को मिसाल बताया

प्रधानमंत्री ने कहा कि पैरा खिलाड़ी इस बात की बेहतरीन मिसाल हैं कि खेल न केवल खिलाड़ियों बल्कि उनके परिवारों, आसपास के लोगों और यहां तक कि उनके शहरों का जीवन भी बदल सकता है। जब कोई खिलाड़ी सफल होता है तो यह सिर्फ उसकी सफलता नहीं होती बल्कि इससे उसके परिवार, स्कूल, कॉलेज और जिले का भी गौरव बढ़ता है। दुनिया को उस स्थान के बारे में पत चलता है जहां से वह आता है।

### पेरिस ओलंपिक में केवल आधे खेलों में हिस्सा लिया

उन्होंने कहा कि और दशकों से ऐसा ही होता आ रहा है। हमने 2012 में केवल 13 खेलों में हिस्सा लिया था। 20 से अधिक खेलों में हमारी भागीदारी नहीं थी और देश में भी बहुत से लोगों को इन प्रतियोगिताओं के बारे में पता तक नहीं था। पीएम मोदी ने कहा कि दूसरे देश इन खेलों में पदक जीतते हैं और हम उनमें हिस्सा तक नहीं लेते। अपने पदकों की संख्या बढ़ाने के लिए हमें इन खेलों में भी सुधार करना होगा। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने खेलों की सूची में शामिल 32 में से 16 खेलों में हिस्सा लिया था।

### हमें इन खेलों में भी महारत हासिल करनी होगी

*ओलंपिक की सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग प्रतियोगिताओं में अब तक किसी भारतीय ने हिस्सा नहीं लिया है। ये दोनों खेल 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। मोदी ने कहा कि उदाहरण के लिए सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग को ही लें। हमारे पास इतना लंबा समुद्र तट और इतने विशाल पहाड़ी क्षेत्र हैं जहां इन जैसे खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि हो सकती है। जल खेलों से लेकर शीतकालीन खेलों तक हमारे पास इसके लिए जरूरी जनसंख्या और भौगोलिक परिस्थितियां भी हैं। इसके बावजूद दुनिया में इन खेलों में कहीं भी भारतीय नजर नहीं आते। इसलिए हमें अलग-अलग क्षेत्रों में इन खेलों को बढ़ावा देने के अवसर तलाशने होंगे। अपनी पदक संख्या बढ़ाने के लिए हमें इन खेलों में भी महारत हासिल करनी होगी।*

### खेल से चैंपियन ही नहीं, बेहतर प्रतियोगी भी बन सकेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस 15 अगस्त को मैंने लाल किले की प्राचीर से देश के लिए भारत के खेल संबंधी दृष्टिकोण को सामने रखा। जब मैं खेलों की बात करता हूं तो इसका मतलब केवल पदक जीतना नहीं है। यह विकसित भारत के निर्माण में भारत की खेल शक्ति और युवा शक्ति को एक साथ जोड़ने का अभियान है। गिरना, फिर उठना और दोबारा आगे बढ़ना... खेल हमारे भीतर यही जज्बा पैदा करता है। स्क्रीन से अधिक खेल केंद्रों की अहमियत है। प्ले स्टेशन से अधिक खेल के मैदानों की अहमियत है। प्रधानमंत्री ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को भी श्रद्धांजलि दी जिनकी जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जाती है। करीब 100 साल पहले भारतीय हॉकी टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर गई थी और उस टीम में ध्यानचंद भी शामिल थे।

### नशो से दूर रहें युवा

युवाओं में चरित्र निर्माण के लिए खेलों को जरूरी बताते हुए मोदी ने कहा कि नशे की समस्या से युवाओं को दूर रखने में भी खेलों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन देश के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। खेल हमें सिर्फ चैंपियन बनना नहीं सिखाता बल्कि बेहतर प्रतियोगी बनना भी सिखाता है।

### कानपुर में बड़ा हादसा

## टेक-ऑफ के 20 मिनट बाद गिरा विमान इंस्ट्रक्टर के साथ ट्रेनी पायलट की मौत




अमन लेखनी समाचार/ कानपुर

यहां के कटरी क्षेत्र के नत्थूपुरवा इलाके में गुरुवार दोपहर एक बड़ा विमान हादसा हुआ जिसमें गर्ग एविएशन सेंटर का एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट अचानक क्रैश हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में विमान में सवार इंस्ट्रक्टर सचिन भाटिया और ट्रेनी पायलट अभिषेक पुजारी की मौत हो गई है।

### 2 माह के भीतर दूसरी घटना

गर्ग एविएशन सेंटर के विमान के साथ दो माह के भीतर यह दूसरी बार इस तरह का हादसा हुआ है। उड़ान भरने के महज 20 मिनट बाद विमान नत्थूपुरवा गांव के बाहरी इलाके में खेतों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस 4 सीटर डुअल इंजन ने सुबह करीब 11:30 बजे उड़ान भरी थी।

### साइबर ठगी पर जागरुकता

## 'तुरंत शिकायत' करने के लिए जागरुक किया, रैना सम्मानित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

यहां बढ़ते साइबर अपराध के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा अभियान शुरू किया है और कुछ ऐसे चेहरों को सम्मानित किया जो अब चर्चा का विषय बन गए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मुंबई के सह्याद्री अतिथिगृह में साइबर जागरूकता पर बनी फिल्म 'ऑपरेशन 1930' के ट्रेलर और '1930 साइबर एंथम' को लॉन्च किया। इसके जरिए महाराष्ट्र सरकार का उद्देश्य लोगों को साइबर ठगी के नए तरीकों से सतर्क करना है और लोगों को ठगी होने पर



तुरंत शिकायत करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने एक्टर शरद केलकर, जावेद जाफरी, कॉमेडियन समय रैना और अन्य दिग्गजों को सम्मानित किया। सम्मान को लेकर काफी चर्चाएं हैं क्योंकि जिन्हें सम्मानित किया गया है उनमें समय रैना का नाम भी शामिल है।

### नड्डा से मिले आरक्षण रिफॉर्म के प्रतिनिधि

## सभी ने मुलाकात को सौहार्द्रपूर्ण बताया,7 सितंबर को फिर मिलेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

यहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और आरक्षण में रिफॉर्म को लेकर बीते 21 अगस्त को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने वाली टीम के लोगों ने मुलाकात की। दोनों ही पक्षों ने इस मुलाकात को सौहार्द्रपूर्ण बताया और ये भी कहा गया कि अगली मुलाकात 7 सितंबर को होगी। नड्डा ने एक्स पर पोस्ट किया, 21 को जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के उपरांत पूर्व निर्धारित समय के अनुसार हर्ष दुबे, रण बहादुर सिंह चौहान व मृत्युंजय पाठक, टीम के सदस्यों से वार्ता हुई।



### मुलाकात को संवाद के लिए बताया अहम

हर्ष दुबे ने पोस्ट किया, सर्व समाज के हित में सकारात्मक पहल। आज हमारी टीम ने नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान प्रदर्शन के संबंध में उनसे संक्षिप्त चर्चा हुई। यह मुलाकात संवाद की दिशा में अहम कदम है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कनकहा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद खालसा निवासी संध्या ने तहरीर देकर बताया कि 14 अगस्त की रात करीब आठ बजे उनके पति अमन रावत बाइक (यूपी-32 एमयू-9254) से कनकहा मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अमन गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर, पीजीआई ले जाया गया जहां उपचार के दौरान 15 अगस्त को उनकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वाहन की पहचान कर चालक के खिलाफ जल्द विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भावाखेड़ा में महुआ-पलाश के अवैध कटान पर तीन पर केस

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। भावाखेड़ा गांव में प्रतिबंधित प्रजाति के महुआ और पलाश के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आया वन विभाग की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी बीट प्रभारी कनकहा अभय कुमार पांडेय की शिकायत पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 (संशोधित 1998) की धारा 4/10 के तहत रिपोर्ट दर्ज की इंस्पेक्टर रामबाबू ने बताया कि मंगलवार दोपहर वन विभाग की टीम ने भावाखेड़ा गांव में निरीक्षण किया मौके पर महुआ के पांच और पलाश का एक प्रतिबंधित पेड़ कटा मिला जांच के दौरान महुआ और पलाश के सात बोटे तथा करीब 15 क्विंटल जलौनी लकड़ी भी बरामद की गई। पुलिस ने इस मामले में महेश पुत्र संतू, अजीज पुत्र नजीर निवासी गनेशीखेड़ा (निगोहां) तथा संतोष कुमार पुत्र स्व. गुरु प्रसाद निवासी डिब्बाखेड़ा (निगोहां) के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया बरामद लकड़ी को कब्जे में लेकर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# नीरज सिंह के जन्मदिन पर धीरेंद्र पांडे 'धीरू' के नेतृत्व में सेवा अभियान

## मरीजों व बच्चों के बीच बांटी सामग्री

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडे 'धीरू' के नेतृत्व में सेवा एवं समर्पण की भावना से प्रेरित सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यकताओं ने शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े दो प्रमुख सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई वही कार्यक्रम की शुरूआत पुरसैनी स्थित एक विद्यालय से हुई, जहां जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडे 'धीरू' ने बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल सहित अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित की उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने और अपने भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचकर उनकी सहायता करना ही भाजपा की सेवा संस्कृति का मूल उद्देश्य इसके बाद धीरेंद्र पांडे 'धीरू' के नेतृत्व में कार्यकताओं का दल मोहनलालगंज स्थित विद्या हॉस्पिटल पहुंचा, जहां भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों के बीच फल, बिस्किट, फ्रूटी, पानी सहित अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान 50 से अधिक मरीजों का कुशलक्षेम भी जाना गया तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई मरीजों और उनके परिजनों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए भाजपा कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडे 'धीरू' ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला संगठन उन्होंने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिवस को उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया भविष्य में भी ऐसे जनसेवा के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में राज मुख्यालय मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा, अंकित मिश्रा, मोहनलालगंज मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, बबलू तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# एकल अभियान की बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी, सुरक्षा का मिला भरोसा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर गुरुवार को एकल अभियान की आचार्य बहनों ने नगराम, निगोहां, मोहनलालगंज और गोसाईंगंज थानों के साथ एसीपी मोहनलालगंज कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा बहनों ने पुलिसकर्मियों के स्वस्थ सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए समाज की सुरक्षा में उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। आचार्य बहनों ने एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह को भी राखी बांधकर उनके उज्ज्वल एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की इस अवसर पर एकल अभियान के भाग प्राथमिक शिक्षा अध्यक्ष श्याममूर्ति ने कहा कि पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी के चलते अक्सर त्योहारों पर अपने परिवार से दूर रहते हैं। ऐसे में एकल अभियान की बहनें उन्हें राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह का एहसास कराती हैं और उनके प्रति समाज का सम्मान प्रकट करती भाग उपाध्यक्ष अखिलेश्वर नाथ ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, स्नेह और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज और पुलिस के बीच आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत करने में ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगराम थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह ने आचार्य बहनों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उपहार एवं दक्षिणा भेंट की। उन्होंने बहनों की सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं गोसाईंगंज थाना प्रभारी डीके सिंह ने भी आचार्य बहनों का सम्मान किया और महिलाओं की सुरक्षा के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर साझा किया ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संपर्क किया जा सके। रक्षाबंधन का यह कार्यक्रम सभी स्थानों पर सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान संजीव अग्रवाल, बजरंग वर्मा, रघुबर रावत, आशीष कुमार, लल्लू राम कश्यप, वीरेंद्र विक्रम, सरला वर्मा, डॉ. दिलशाद अहमद, रघुवर प्रसाद, डॉ. सुल्ताना परवीन, नीतू कुमारी, जगदीश प्रसाद, दिव्या, राजेंद्र प्रसाद, कुलदीप कुमार सहित एकल अभियान के सेवाव्रती कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने मनाया रक्षाबंधन



अमन लेखनी समाचार

नगराम। जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, बहरौली में बृहस्पतिवार को रक्षाबंधन का पर्व सामाजिक सरोकार और भावनात्मक संदेश के साथ मनाया गया विद्यालय में उन छात्र-छात्राओं के बीच राखी बंधवाई गई, जिनके सगे भाई या बहन नहीं विद्यालय की इस पहल की सभी ने सराहना की विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने छात्रों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और उनकी लंबी आयु व उज्ज्वल भविष्य की कामना की इसके बाद भाइयों ने बहनों का मुंह मीठा कराया प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने छात्रों की ओर से सभी छात्राओं को चॉकलेट और मिठाई भेंट कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक श्रीकांत ने रक्षाबंधन के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने विद्यार्थियों को बहनों के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प दिलाते हुए रक्षाबंधन की पवित्र मयार्दा बनाए रखने का संदेश दिया कार्यक्रम के समापन पर बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ दिखाई दी इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अमरपाल मौर्य से मिले भाजपा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रथम लखनऊ आगमन पर भाजपा निगोहां मंडल के महामंत्री नवीन मिश्रा ने शिष्टाचार भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं इस दौरान नवीन मिश्रा ने कहा कि अमरपाल मौर्य को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने से संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त होगा तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा भेंट के दौरान नवीन मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरपाल मौर्य से संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने निगोहां मंडल में चल रहे संगठनात्मक कार्यों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि मंडल के कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं तथा भविष्य के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटे रहेंगे। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरपाल मौर्य ने स्वागत एवं शुभकामनाओं के लिए नवीन मिश्रा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम लखनऊ आगमन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# वन विभाग को किसानों का अल्टीमेटम

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को नौवें दिन भी जारी रहा संगठन ने वन विभाग पर वार्ता से बचने का आरोप लगाते हुए 1 सितंबर तक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी न होने पर मोहनलालगंज स्थित वन विभाग कार्यालय का ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ घेराव करने की चेतावनी दी है। प्रदेश महासचिव दिनेश यादव के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल वार्ता के लिए वन विभाग कार्यालय, मोहनलालगंज पहुंचा किसानों का आरोप है कि पूर्व सूचना के बावजूद कार्यालय में कोई सक्षम अधिकारी मौजूद नहीं मिला। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने अपना ज्ञापन कार्यालय में जमा कराते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। दिनेश यादव ने कहा कि यदि शनिवार तक धरना स्थल पर एनओसी उपलब्ध नहीं कराई गई तो 1 सितंबर को हजारों किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ वन विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे वहीं जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि घेराव की स्थिति में किसानों के पेयजल व भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। धरने का नेतृत्व मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने किया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, केशव राम लोधी, पृथ्वीराज, राजकिशोर, डॉ. जंग बहादुर सिंह, करन सिंह, रामकुमार प्रधान पति समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# 101 करोड़ में मॉडर्न होगी लखनऊ छावनी

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी 30 को करेंगे 14 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



- एकता बाजार, अभ्युदय डिस्पेन्सरी, विशेष बच्चों का स्कूल बनेगा
- दस करोड़ की लागत से बनेगा मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**लखनऊ।** लखनऊ छावनी परिषद का एक अरब 92 करोड़ की लागत से जल्द आधुनिकीकरण हो जाएगा। इसे देश की मॉडर्न छावनी के रूप में विकसित करने का काम आरंभ हो गया है।

इस आशय की जानकारी देते हुए रक्षा सम्पदा मध्य कमान की प्रधान निदेशक भावना सिंह ने बताया कि 30 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छावनी परिषद लखनऊ की जन कल्याण एवं जन सुविधाओं से जुड़ी 12 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं की सम्मिलित लागत लगभग रुपये 100.92 करोड़ है जिसमें जलापूर्ति पाइपलाइन का पुनरोद्वार, टयूबवेल, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, मल्टी लेवल कार पार्किंग, शवदाह स्थल, लिगेसी अपशिष्ट प्रबन्धन, एकता बाजार अभ्युदय डिस्पेन्सरी, विशेष बच्चों का स्कूल आदि शामिल है। प्रधान निदेशक रक्षा सम्पदा ने इन परियोजनाओं के विशेष पहलुओं पर प्रकाश डाला।

लखनऊ छावनी परिषद भारत के 62 कैंटोनमेंट बोर्ड में से एक है। चंद वर्षों में ही इसकी गणना मार्डन कैंटोनमेंट के रूप में होने लगेगी। इनमें से कुछ योजनाओं का लाभ छावनी परिषद ही नहीं, पूरे लखनऊ को मिलेगा। इनमें अभ्युदय कोचिंग सेंटर, दिव्यांगों के लिए विशेष विद्यालय, सिटी पॉलीक्लीनिक और पिपराघाट स्थित श्मशान घाट के आधुनिकीकरण जैसे काम शामिल हैं। इनमें 12 योजनाएं जहां केंद्र सरकार की हैं, वहीं दो योजनाएं राज्य सरकार की हैं। इन 14 योजनाओं में कुछ अगर महज छह माह में पूरी हो जाएंगी तो कुछ के पूरी होने में दिसंबर 2028 तक का समय लग सकता है। प्रधान निदेशक, रक्षा सम्पदा, मध्य कमान भावना सिंह ने बताया कि लखनऊ कैंटोनमेंट को मार्डन कैंटोनमेंट बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले चंद सालों में कई विकास कार्य किए जाएंगे। छावनी परिषद के सीइओ अभिषेक राठौर ने प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उनके मुताबिक आइआइटी कानपुर की मदद से सुलतानपुर रोड पर जीरो वेस्ट सालिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का काम किया जाएगा। सदर में यातायात को सुगम बनाने के लिए रोबोट पार्किंग बनेगी, इसमें सौ चार पहिया वाहन खड़े हो सकेंगे। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सीएसआर फंड से मिले दस करोड़ की लागत से मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किया जाएगा। यहां स्वीमिंग पूल, लॉन टेनिस, बॉक्सिंग सहित कई खेल गतिविधियां होंगी। इस क्रम में जीर्ण-शीर्ण हालत में स्थित पिपराघाट स्थित श्मशान घाट का कायाकल्प भी होगा। 1500 किलोलीटर क्षमता के दो कम्पाउंड बनेंगे। छावनी में जर्जर हो चुकी लोहे की पाइप लाइनों के स्थान पर लाइन पाइप लाइन डाली जाएंगी। पेयजल पाइप का काम 1031.24 लाख की कीमत से किया जाएगा। सीईओ अभिषेक राठौर ने बताया कि गर्मियों में पानी संकट से निजात पाने के लिए आठ ट्यूबवेल की बोरिंग कराई जाएगी। 950 किलोलीटर क्षमता की दो पानी की टंकियां बनाई जाएंगी। दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल स्कूल संचालित किए जाएंगे। उन्हें मुफ्त में संचालित किया जाएगा। प्रधान निदेशक, रक्षा सम्पदा, मध्य कमान भावना सिंह ने बताया कि इसमें आर्मी वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन भी सहयोग करेगी।

छावनी बोर्ड के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि आर.ए बाजार माध्यमिक विद्यालय और रेनबो माडल स्कूल की कायाकल्प के साथ ही उसमें कक्षाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही सुलतानपुर रोड पर 25 साल पुराने कचरे को निस्तारित करने की व्यवस्था की गई है। 1895.41 लाख की लागत से पुराने कचरे का प्रबंधन किया जाएगा। इसके अलावा शर्मा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मदद से कैंटोनमेंट में पहले से आरए बाजार में संचालित सिटी पॉलीक्लीनिक में सात विशेषज्ञ डॉक्टर बैठेंगे। यहां सभी जांच व दवाइयां मुफ्त में मिलेंगी। इसी तरह सभी वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग सेंटर खोला जाएगा। राजधानी का कोई भी छात्र इसका लाभ उठा सकेगा।

प्रेस कान्फ्रेंस का समापन निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू भी उपस्थित रहे।

# यूपी में कारोबारी अड़चनें होंगी दूर

- मंजूरी प्रक्रिया आसान करने पर केंद्र–राज्य का जोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कारोबार और निवेश को आसान बनाने के लिए डीरेगुलेशन 2.0 के तहत सुधार प्रक्रिया तेज कर दी गई है। लखनऊ स्थित इन्वेस्ट यूपी में हुई केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में उद्योगों और नागरिकों पर अनुपालन के बोझ को कम करने, नियमों को सरल बनाने और विभिन्न मंजूरियों की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव के.के. पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्र और प्रदेश के अधिकारियों ने विभिन्न विभागों में चल रहे नियामकीय सुधारों की समीक्षा की। बैठक में खाद्य कारोबार के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस, श्रम कानून, जीएसटी प्रक्रियाओं, फायर लाइसेंस, भवन स्वीकृति, एमएसएमई सहायता और बिजली कनेक्शन से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में नेशनल बिल्डिंग कोड स्टैंडर्ड्स-2026 के अनुरूप अग्नि सुरक्षा मानकों, यूपीबीबीएल के तहत भवन स्वीकृति तथा यूपीपीसीएल से बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने प्रमुख क्षेत्रों में मंजूरी संबंधी बाधाओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए प्राथमिक सुधारों पर विचार किया। के.के. पाठक ने कहा कि नियमों का उद्देश्य पूरा होना चाहिए, लेकिन वे अनावश्यक बाधा नहीं बनने चाहिए। अग्नि सुरक्षा के मामले में उन्होंने जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अनुपालन को केवल एनओसी लेने तक सीमित नहीं रखने पर जोर दिया। बैठक में नगर नियोजन और आवास से जुड़े नियमों को और सरल बनाने तथा एफएआर में अधिक लचीलापन देने पर भी चर्चा हुई। नए विद्यालयों की स्थापना को आसान बनाने के लिए नियामकीय प्रावधानों की समीक्षा का सुझाव दिया गया। राजस्व से जुड़ी कुछ प्रक्रियाओं में भी सरलीकरण और शिथिलीकरण के प्रस्तावों पर विचार किया गया। गौरतलब है कि अनुपालन कम करने और नियामकीय सुधारों के पहले चरण में उत्तर प्रदेश ने मंजूरी संबंधी बाधाएं दूर करने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के मामले में राज्यों में पहला स्थान हासिल किया था।

# छात्रों की पढ़ाई का रिकॉर्ड होगा डिजिटल, यूपी में अपार आईडी जोर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल और सुरक्षित बनाने की दिशा में योगी सरकार ने अपार आईडी को लेकर फोकस बढ़ा दिया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों से अपार आईडी बनवाकर उसे अग्रिम पंजीकरण और परीक्षा आवेदन पत्र में दर्ज करने की अपील की है। वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी की अवधारणा पर आधारित 12 अंकों की यह स्थायी डिजिटल पहचान विद्यार्थियों की स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक की शैक्षणिक यात्रा को एक डिजिटल रिकॉर्ड से जोड़ने में मदद करेगी।

# मारपीट के मामले में केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। थाना क्षेत्र के भागूखेड़ा गांव में शराब के नशे में बड़े भाई द्वारा छोटे भाई पर सरिया और ईंट से हमला करने का मामला सामने आया पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी भागूखेड़ा निवासी रोहित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम करीब सात बजे उसका बड़ा भाई शराब के नशे में घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने सरिया और ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विकास कार्य पूरे करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



- सीवर चोक की समस्याओं का 15 दिन में निस्तारण करें

**लखनऊ।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र में सीवर, नाली-नाले, पेयजल, सफाई और पार्कों से जुड़े विकास कार्यों को लेकर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने गुरुवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सीतापुर रोड स्थित सेवा परिसर में हुई बैठक में विधायक ने अधिकारियों को जनता से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

डॉ. बोरा ने नई सीवर लाइन बिछाने के कार्यों को एक माह के भीतर पूरा करने को कहा। वहीं, क्षेत्र में सीवर चोक की शिकायतों का 15 दिन के भीतर निस्तारण कर कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समय में काम पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। विधायक ने भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड के ईडब्ल्यूएस पॉकेट, पुरनिया गांव, फैजुल्लागंज के नयापुरवा, अलीगंज के बनारसी टोला, जानकीपुरम के जानकी विहार और सरस्वतीपुरम समेत अन्य क्षेत्रों में सीवर चोक की समस्याओं का अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीवेज पंपिंग स्टेशनों की व्यवस्थाओं में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। सीवर सफाई के लिए अधिकृत सुएज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों को भी नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. बोरा ने दूषित पेयजल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित कॉलोनियों में तत्काल निरीक्षण कराने और समस्या का समाधान करने को कहा। उन्होंने बरसात के बाद सड़कों को गड्ढामुक्त कराने, नाले-नालियों के निर्माण कार्य समयसीमा में पूरा करने और कॉलोनियों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पार्कों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता, अधिशासी अभियंता नजमी मुजफ्फर, अशोक कुमार यादव, जोनल अधिकारी अजीत राय, उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम व शशिकांत समेत नगर निगम, जलकल, उद्यान विभाग, सुएज इंडिया और लखनऊ स्वच्छता अभियान के अधिकारी मौजूद रहे।

# 15 फीट का अजगर निकलने से मचा हड़कंप, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के कुशमौरा गांव में गुरुवार को करीब 15 फीट लंबा विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया खेत के पास अचानक अजगर दिखाई देने पर लोग दहशत में आ गए और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अजगर को नुकसान पहुंचाने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी इसके बाद टीम ने काफी मशक्कत और विशेष उपकरणों की मदद से विशालकाय अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। वनरक्षक राजकुमार ने बताया कि पकड़ा गया अजगर पूरी तरह स्वस्थ था रेस्क्यू के बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि भविष्य में यदि कोई वन्यजीव दिखाई दे तो उसे नुकसान न पहुंचाएं, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि सुरक्षित तरीके से उसका रेस्क्यू कराया जा सके अजगर के सुरक्षित पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## संक्षेप

### मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को लेकर गुरुवार को सरस्वती मेडिकल कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों एवं छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े अधिकारों, पुलिस सहायता और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना सोहरामऊ के प्रभारी निरीक्षक अरविंद पाण्डेय एवं महिला शाशक्ति करण टीम ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में महिलाएं बिना संकोच पुलिस की सहायता लें। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकारों और उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रशासन की ओर से मुख्य वित्त अधिकारी अखिलेश मौर्य सहित डॉ. शिबा यादव, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारी-कर्मचारी तथा महिला स्टाफ मौजूद रहा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बहुराजमऊ गांव के निकट गुरुवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक डिवाइडर से जा टकराई। मृतक अपनी मां को रक्षाबंधन के त्योहार पर मायके बाराबंकी जाने के लिए बस में बैठाकर घर लौट रहा था।

कोतवाली प्रभारी अरविंद कटियार ने बताया कि बहुराजमऊ निवासी राघवेंद्र उर्फ सोनू गुरुवार शाम करीब पांच बजे अपनी मां को बाइक से लालकुआं पहुंचाकर बस में बैठाने के बाद घर वापस लौट रहे थे। गांव के निकट पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे राघवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए 100 बेड अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

बताया गया कि राघवेंद्र गहिरा क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में काम करते थे और बुधवार शाम ही घर आए थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी गोल्डी तथा पुत्रियां आराध्या और मान्या का रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यू एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में राखी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित न्यू एरा एजुकेशन सेंटर सीबीएसई बोर्ड स्कूल में राखी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उन्नाव जनपद में संचालित न्यू एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की विभिन्न शाखाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेविका जयश्री श्रीवास्तव रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं स्टाफ ने मुख्य अतिथि का तिलक लगाकर व बैज पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक राखियां तैयार कीं। निर्णायकों के मूल्यांकन के बाद अंशुका यादव एवं सारा भारती ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, खुशी यादव ने द्वितीय स्थान तथा शिखा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयश्री श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने के साथ-साथ अपनी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक वेदांत मिश्र एवं प्रधानाचार्या शालिनी त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## महिलाओं में जमकर चले लाठी डंडे एक का फटा सर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज महिलाओं से हुए आपसी विवाद में लाठी डंडा चलने से एक महिला का सर फट गया।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के शोभा खेड़ा निवासी गया प्रसाद की पत्नी कांति ने बताया कि उसकी पड़ोसन सुमन पत्नी पिंटू उसे आए दिन गालिया दिया करती है 26 अगस्त की सुबह करीब सात बजे अचानक घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज कर रही थी जब हम लोग बाहर निकल कर आए तो मारपीट करने लगी। सुमन ने मेरे सर पर लाठी मार दी जिससे उसका सर फट गया है। पुलिस ने कांति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उपचार के लिए सीएचसी भेजा है। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## गंगा नदी बढ़ा जलस्तर एसपी ने बक्सर घाट का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक बक्सर घाट पर गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार एवं क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा ने संयुक्त रूप से बक्सर घाट का औचक निरीक्षण किया।

वरिष्ठ अधिकारियों की इस टीम ने घाट पर पहुंचकर बढ़ते जलस्तर की जमीनी हकीकत जानी और वहां मौजूद स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक कर्मचारियों से मौजूदा स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।एसपी जय प्रकाश सिंह ने बारासगवर थाना पुलिस को निर्देशित किया कि घाट पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और किसी भी श्रद्धालु या आम नागरिक को गहरे पानी में जाने से रोका जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जान-माल की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार ने संबंधित राजस्व कर्मियों और गोताखोरों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते जलस्तर की पल-पल की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को भेजी जाए और यदि स्थिति चिंताजनक होती है तो तटीय इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को समय रहते सतर्क किया जाए। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सावधानी बरतें और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। प्रशासन की ओर से क्षेत्र के नाविकों और मल्लाहों को भी अलर्ट किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा सके। बक्सर घाट पर बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है।

## एनएचएआई व तहसील प्रशासन की बड़ी कार्रवाई हटाया गया अतिक्रमण

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने स्थानीय तहसील प्रशासन और पुलिस बल के सामूहिक सहयोग से पाटन क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण हटवाया। इस संयुक्त कार्रवाई से अब राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करने वाले यात्रियों को जाम से मुक्ति मिलेगी और सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी।मिली जानकारी के अनुसार, मई माह से ही एनएचएआई द्वारा मार्ग पर स्थित अस्थाई दुकानदारों को अपनी दुकानें हटाने के लिए लगातार नोटिस दिए जा रहे थे। इसके बावजूद अतिक्रमण न हटाए जाने पर अंततः NHAI, बीघापुर तहसील प्रशासन और स्थानीय पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सामूहिक रूप से यह अभियान चलाया। इस अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव के साथ एनएचएआई और सुरक्षा टीम के प्रमुख अधिकारी में प्रोजेक्ट मैनेजर-सेंथिल अरुण कुमार-सड़क सुरक्षा मैनेजर- आनंद मोहन सिंह राजपूत,मेंटीनेंस मैनेजर-प्रवीण पंघाल,मेंटीनेंस इंजीनियर- संजीत कुमारहाईवे पेट्रोलिंग टीम के साथ पूरी तरह मुस्तैद रहे।

## जलस्तर अधिक होने के कारण सीमित रूप में संपन्न हुई भव्य दिव्य गंगा आरती

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर विधानसभा के पतित पावन मां चंडिका धाम, बक्सर में आज पूर्णिमा के पावन अवसर पर अनुराग त्रिवेदी द्वारा आयोजित प्रत्येक माह की पूर्णिमा तिथि पर होने वाली भव्य दिव्य गंगा आरती मां गंगा के बढ़े हुए जलस्तर को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से सीमित रूप में संपन्न की गई। आरती के दौरान मां गंगा के पावन तट पर भक्तिमय वातावरण रहा। श्रद्धालुओं ने मां गंगा का पूजन-अर्चन एवं आरती कर परिवार, समाज और क्षेत्र के सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। इस अवसर पर अनुराग त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा मां गंगा केवल हमारी आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और जीवनधारा की पहचान हैं। प्रत्येक पूर्णिमा पर मां गंगा की आरती करने का हमारा संकल्प किसी एक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपनी सनातन परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा भव्य स्वरूप में यह दिव्य आयोजन निरंतर चलता रहेगा।अनुराग त्रिवेदी ने उपस्थित श्रद्धालुओं से मां गंगा को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखने का संकल्प लेने का आान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंडित राजेंद्र कुमार त्रिवेदी, डिंपल द्विवेदी, अंकित पांडेय, मोहित द्विवेदी, अमित सविता, सचिन सिंह, अजीत सिंह, राजेश यादव, अखिलेश यादव, आशीष साहू, सहित बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, युवा, मातृशक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एसडीएम समेत कर्मचारियों को छात्राओं ने बांधी राखी

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के संडीला रोड स्थित आर एस पब्लिक स्कूल की छात्राएं रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर तहसील कार्यालय पहुँचीं। छात्राओं ने उपजिलाधिकारी सहित सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। आर एस पब्लिक स्कूल की आयुषी, रितिका, दिव्यांशी, रिया, अवी पटेल, आर्या गुप्ता, तस्मिया, अदिति, शैली आजाद, अनुष्का, शिफा, एवं जाजबा आदि छात्राओं ने उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला व तहसीलदार अखिलेश कुमार मौर्य और नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल सहित अन्य सभी अधिकारियों के टीका लगाकर राखी बाँधी और उनके पूर्ण स्वस्थ एवं दीघार्यु होने की कामना की। इसपर सभी अधिकारियों ने छात्राओं को आत्मीयता और स्नेह से आशीर्वचन प्रदान किया। एसडीएम ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें मेहनत और लगन से पढ़ाई करने तथा संस्कार व अनुशासन के साथ शिक्षा में उन्नति की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। छात्राओं के साथ विद्यालय के प्रबंधक रिजवान अहमद, प्रधानाचार्या अंजू बाजपेई, वरिष्ठ शिक्षक डॉ आकाश सचान , शिक्षिका दीपाली पटेल व कॉर्डिनेटर आमिर अहमद मौजूद रहे।

## महादेव मंदिर में विधायक ने भगवान भोलेनाथ का किया रुद्राभिषेक

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के प्राचीन मोटेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर ने सपत्नी एवं परिजनों के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने राष्ट्र एवं क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और सर्वकल्याण की कामना की। इस दौरान उनकी पत्नी कंचनलता, पुत्र अश्वनी दिवाकर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

आचार्य अवधेश शुक्ल शास्त्री की अगुवाई में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक की धार्मिक विधि संपन्न कराई। श्रद्धालुओं ने ह्यॐ नमः शिवायह्ल का जाप करते हुए पूजा-अर्चना में सहभागिता की। आचार्य अवधेश शुक्ल शास्त्री ने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव के रुद्राभिषेक का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है।रुद्राभिषेक के बाद विधायक बम्बालाल दिवाकर ने आचार्यों को द्रव्य एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. बृजेश,हरिशरण लाला राजू चौहान रत्नेश गौड़ लाले गौड़ नेहरू गौड़ योगेंद्र गौड़, आशीष कनौजिया उत्तम निषाद, शिव प्रकाश द्विवेदी, मुकेश कनौजिया समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुसंगत धाराओं मे दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के निबई मजरा जखवन खेड़ा गांव में एक दबंग द्वारा युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई गीता देवी पत्नी सुशील कुमार विश्वकर्मा ने दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि मेरे पति बाइक से गैस सिलेंडर लेने अचलगंज जा रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही अनूप पुत्र मुन्नी ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए बाइक से गिरा दिया। इसके बाद लाठी-डंडों, लात और घूसों से उन्हें बुरी तरह पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

पीड़िता का आरोप है कि जब वह पति को बचाने पहुंची तो आरोपी ने उनके साथ भी अभद्रता की और गांव छोड़ने व जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता निबई चौकी और थाना बीघापुर गई लेकिन राजनीतिक पहुंच और प्रभाव के कारण पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। कार्रवाई न होने से बेखौफ आरोपी अगले दिन अवैध असलहा लेकर पीड़िता के घर पहुंच गया और खुलेआम जान से मारने की धमकी दी, जिससे भयभीत परिजनों ने खुद को घर के अंदर बंद कर जान बचाई।

## डाले ने दो बहनों को मारी टक्कर, 6 साल की बच्ची की मौत, दूसरी गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब पौने 6 बजे तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क किनारे जा रही दो बहनों को टक्कर मार दी। हादसे में 6 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि 8 साल की उसकी बहन गंभीर रूप से घायल है।हाजीपुर गांव निवासी प्रदीप की बेटियां सृष्टि (6) और मिष्टी (8) सड़क किनारे जा रही थीं, तभी पिकअप वाहन (यूपी 35 बीटी 2671) ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर गईं। परिजन तत्काल दोनों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने सृष्टि को मृत घोषित कर दिया। मिष्टी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने पिकअप का पीछा कर सरोसी पुलिस चौकी के पास पकड़ लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया और वाहन को चौकी परिसर में खड़ा करा दिया।

बच्ची की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सरोसी पुलिस चौकी के पास रखकर सरोसी-परियर मार्ग जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना पर पुलिस अधिकारी और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। गंगाघाट इंस्पेक्टर अजय सिंह ने परिजनों को समझाकर कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद जाम खुलवाने का प्रयास किया गया।

## बच्चों ने पुलिस अंकल के साथ पेड़-पौधों को बांधी राखी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रक्षाबंधन के अवसर पर पेड़-पौधों की रक्षा के लिए एक अनूठी पहल की गई , 'ट्री मैन' के नाम से मशहूर पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा द्वारा चलाई जा रही वृक्ष संरक्षण मुहिम के तहत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित प्राथमिक विद्यालय में आज वृक्ष रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर उपनिरीक्षक अनूप मिश्रा ने अपनी पत्नी सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय, विद्यालय प्रभारी नुपुर श्रीवास्तव और बच्चों के साथ पेड़-पौधों को राखी बांधी। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को वृक्षों रक्षा का संकल्प दिलाया इस अवसर पर अनूप मिश्रा ने बच्चों को पेड़-पौधों का महत्व समझाया, उन्होंने बच्चों को वृक्षों की देखरेख करने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में पुलिस दंपति अनूप मिश्रा और रीना पांडेय ने बच्चों को चॉकलेट और मिठाई भी भेंट की।अभियान संयोजक अनूप मिश्रा ने बताया कि इस मुहिम के तहत जनपद के 100 से अधिक सरकारी स्कूलों और एक लाख से अधिक लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से अभी तक जोड़ा गया है। पेड़-पौधों की रक्षा के लिए आम जनमानस को व्हाट्सएप संदेश भेजकर रक्षाबंधन पर्व को पर्यावरण रक्षा उत्सव के रूप में मनाने की अपील की जा रही है।उप निरीक्षक अनूप मिश्र 'ट्री मैन' के नाम से भी मशहूर हैं वो अब तक एक लाख से ज्यादा पौधे लगा चुके हैं , इसी कड़ी में उन्होंने रक्षा बंधन के पर्व पर उन्नाव के सरकारी स्कूल में वृक्ष रक्षाबंधन मुहिम की अनोखी पहल की है

## सवारी बस हुई खराब यात्री हुए परेशान



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आजमगढ़ से दिल्ली जाते समय एक सवारी बस बांगरमऊ क्षेत्र में खराब हो गई जिसे सही कर गंतव्य को जाने में करीब 12 घंटे का समय व्यतीत हो गया इस दौरान सवारियों को मुसीबत झेलनी पड़ी। एक निजी कंपनी की स्लीपर बस करीब 42 सवारियां लेकर आजमगढ़ से दिल्ली जा रही थी तभी गुरुवार की भोर पहर रात करीब 2 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टोल प्लाजा के निकट बस में कुछ खराबी आ गई जिसे मिस्त्री आदि बुलाकर सही कराने में करीब 12 घंटे का समय व्यतीत हो गया बनने के बाद बस गंतव्य को रवाना हो गई।

## दुष्कर्म का आरोपी मोबाइल टावर पर चढ़ा

### मुकदमे में समझौते की मांग, पहले भी की थी आत्महत्या की कोशिश

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , गुरुवार शाम पांच बजे दुष्कर्म का एक आरोपी मोबाइल टावर पर चढ़ गया। आरोपी का आरोप है कि उसके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है और वह मुकदमे में समझौता कराने की मांग कर रहा है। बंडा थाना पुलिस उसे नीचे उतारने का प्रयास कर रही है। यह युवक करीब एक महीने पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुका है। गुरुवार शाम करीब पांच बजे यह घटना बंडा थाने के सामने हुई, जब अनूप कुमार नामक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। उसकी मुख्य मांग है कि उसके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मुकदमे में समझौता कराया जाए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे नीचे उतारने की कोशिशें शुरू कर दीं। यह मामला थाना बंडा क्षेत्र का है। अनूप कुमार पर अप्रैल 2026 में एक नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दो महीने जेल में रहने के बाद वह एक महीने पहले ही जमानत पर छूटा था। जमानत पर बाहर आने के बाद उसने एक खेत में कीटनाशक पीते हुए अपना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। तब मेटा अलर्ट के बाद पुलिस ने उसकी जान बचाई थी। थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि युवक को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# युद्ध भले ही बंद हो, लेकिन होर्मुज में बना रहेगा संकट

खाड़ी क्षेत्र में भले ही युद्धविराम हो गया हो, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट खत्म होने के बजाय नए रूप में सामने आता दिखाई दे रहा है। यहां अब सीधा सैन्य टकराव ही सबसे बड़ी चिंता नहीं है, बल्कि समुद्री मार्ग पर नियंत्रण, आर्थिक दबाव और रणनीतिक प्रभुत्व की होड़ अधिक गंभीर होती जा रही है। ईरान की संसद द्वारा होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देना इसी बदलते समीकरण का संकेत है। ईरान का तर्क है कि जहाजों से लिए जाने वाले शुल्क के बदले उन्हें समुद्री सेवाएं, सुरक्षा, इंश्योरेंस, पर्यावरण संबंधी सुविधाएं और विशेष परिस्थितियों में ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। भुगतान ईरानी रियाल या ईरान की पसंद की दूसरी मुद्रा में किया जा सकेगा। देखने में यह व्यवस्था एक सामान्य सेवा शुल्क जैसी लग सकती है, लेकिन होर्मुज जैसे रणनीतिक समुद्री मार्ग के संदर्भ में इसका महत्व कहीं अधिक है। सवाल केवल टोल वसूली का नहीं, बल्कि यह है कि इस जलडमरूमध्य में अंतिम नियंत्रण किसका होगा। होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में शामिल है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले तेल और गैस का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर वैश्विक बाजार तक पहुंचता है। इसलिए यहां आवाजाही पर किसी भी प्रकार की अनिश्चितता का असर केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत बढ़ सकती है और उसका प्रभाव महंगाई के रूप में दुनिया के अनेक देशों में दिखाई दे सकता है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है। दूसरी तरफ अमेरिका ने ईरान के खिलाफ आर्थिक दबाव और तेज करने के संकेत दिए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट का यह कहना कि ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ आर्थिक जंग के आखिरी दौर में पहुंच गया है, यह बताता है कि वाशिंगटन का लक्ष्य केवल सैन्य दबाव तक सीमित नहीं है। ईरान की आय के बड़े स्रोतों को रोकने की कोशिश उसके आर्थिक ढांचे पर दबाव बढ़ा सकती है। ऐसे में ईरान का होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने का फैसला आर्थिक दबाव का जवाब भी माना जा सकता है। स्थिति को और संवेदनशील ईरान की खाड़ी देशों को दी गई चेतावनी बनाती है। अमेरिका के आर्थिक अभियान में सहयोग करने वाले देशों को दुश्मन मानने की बात क्षेत्रीय देशों के लिए सीधा संदेश है। खाड़ी देशों के सामने अब सुरक्षा, व्यापार और ऊर्जा हितों के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। यदि यह तनाव बढ़ता है तो खाड़ी क्षेत्र में पहले से मौजूद राजनीतिक विभाजन और गहरे हो सकते हैं। सबसे चिंताजनक पहलू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का होर्मुज को 'न्यू यूएस टेरिटरी' बताना है। यदि दुनिया के एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को लेकर अमेरिका और ईरान जैसी शक्तियां अपने-अपने नियंत्रण का दावा करने लगती हैं, तो इससे टकराव की आशंका बढ़ेगी। युद्धविराम निश्चित रूप से राहत देता है, लेकिन वास्तविक शांति तभी मानी जाएगी जब होर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर भरोसा कायम हो। यदि युद्ध की जगह आर्थिक प्रतिबंध, टोल, समुद्री नियंत्रण और शक्ति प्रदर्शन ले लेते हैं, तो संकट का स्वरूप भले बदल जाए, खतरा बना रहता है। इसलिए जरूरी है कि अमेरिका, ईरान और खाड़ी देश टकराव बढ़ाने के बजाय संवाद का रास्ता अपनाएं। होर्मुज में शांति केवल क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नहीं, बल्कि दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी अनिवार्य है।



### मुद्दा


ओमकार चौधरी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सिलीगुड़ी दौरा पूर्वोत्तर की सुरक्षा को लेकर केंद्र की नई रणनीति का संकेत देता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर को सुरक्षित रखने के लिए असम के धुबरी, बिहार के किशनगंज और पश्चिम बंगाल के चोपड़ा को जोड़कर त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड तैयार करने की योजना सामने आई है। इसका उद्देश्य सीमा सुरक्षा, सैन्य तैयारियों, खुफिया तंत्र, केंद्रीय बलों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। चीन और बांग्लादेश की बढ़ती रणनीतिक निकटता, नेपाल-भूटान से जुड़ा संवेदनशील भूगोल और संभावित गैर-पारंपरिक खतरों के बीच यह पहल महत्वपूर्ण है। इसे युद्ध की आशंका नहीं, बल्कि रणनीतिक सुरक्षा गहराई बढ़ाने की तैयारी के रूप में देखा जाना चाहिए।

# सिलीगुड़ी में त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का सिलीगुड़ी दौरा केवल सीमा सुरक्षा की सामान्य समीक्षा भर नहीं माना जाना चाहिए। 21–22 अगस्त 2026 को सिलीगुड़ी में हुई गतिविधियों और उच्चस्तरीय बैठक से संकेत मिलता है कि केंद्र सरकार भारत के अत्यंत संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर या 'चिकन नेक' की सुरक्षा को अब अधिक समन्वित और बहुस्तरीय ढांचे में देख रही है। अमित शाह ने स्वयं तीन रणनीतिक स्थानों असम के धुबरी, बिहार के किशनगंज और पश्चिम बंगाल के चोपड़ा को जोड़कर एक 'त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड' तैयार किए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने इसे तीन नए सैन्य ठिकानों वाला सुरक्षा ढांचा बताया। इसके साथ सीमा निगरानी, बाड़बंदी, केंद्रीय बलों, खुफिया एजेंसियों, राज्य पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया। इस तैयारी को समझने के लिए सबसे पहले सिलीगुड़ी कॉरिडोर का भूगोल समझना जरूरी है। पश्चिम बंगाल में स्थित यह संकरा भूभाग मुख्य भारत को पूर्वोत्तर से जोड़ने वाला प्रमुख स्थलीय संपर्क है। इसके आसपास नेपाल, भूटान और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं हैं, जबकि उत्तर में सिक्किम और उसके आगे चीन का तिब्बत क्षेत्र है। पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की सड़क और रेल संपर्क व्यवस्था में इस क्षेत्र का असाधारण महत्व है। इसीलिए अमित शाह ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़ा क्षेत्र बताया है। यहां किसी गंभीर सैन्य संकट, बड़े आतंकवादी हमले, तोड़फोड़ अथवा आपूर्ति मार्ग बाधित होने की स्थिति का प्रभाव केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं रहेगा; उसका असर पूरे पूर्वोत्तर से भारत के संपर्क पर पड़ सकता है।

नई व्यवस्था की विशेषता यह है कि सरकार सुरक्षा को केवल कॉरिडोर की सबसे संकरी पट्टी पर केंद्रित नहीं रखना चाहती। धुबरी, किशनगंज और चोपड़ा को देखें तो एक व्यापक त्रिकोण दिखाई देता है। असम का धुबरी बांग्लादेश सीमा के निकट ब्रह्मपुत्र क्षेत्र में है। किशनगंज बिहार का वह जिला है जो उत्तर बंगाल और पूर्वोत्तर की ओर जाने वाले भूगोल से जुड़ता है, जबकि चोपड़ा उत्तर दिनाजपुर में सिलीगुड़ी की दक्षिणी दिशा में महत्वपूर्ण स्थिति रखता है। लेकिन सवाल है कि इसी समय इतनी गंभीर तैयारी की आवश्यकता क्यों महसूस हुई? इसका उत्तर भारत के पूर्वी पड़ोस में तेजी से बदल रहे सामरिक वातावरण में है। बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध पिछले दो वर्षों में उस सहजता में नहीं रहे जो शेख हसीना के शासनकाल में लंबे समय तक दिखाई देती थी। अगस्त 2024 में हसीना के सत्ता से हटने और भारत आने के बाद दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर अविश्वास बढ़ा। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत और बांग्लादेश किसी सैन्य टकराव की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसी धारणा के लिए वर्तमान में कोई ठोस आधार नहीं है। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा की योजना केवल वर्तमान राजनीतिक इरादों के आधार पर नहीं बनाई जाती; उसमें संभावित परिस्थितियों और क्षमताओं को भी ध्यान में रखा जाता है। बांग्लादेश के साथ 4,000 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा, पूर्वोत्तर का भूगोल, अवैध आवाजाही, तस्करी और सीमापार अपराध जैसी समस्याएं पहले से मौजूद हैं। यदि राजनीतिक संबंधों में अविश्वास जुड़ता है तो सीमा प्रबंधन का महत्व स्वतः बढ़ जाता है। इसी संदर्भ में



अमित शाह द्वारा बाड़बंदी पर दिया गया जोर महत्वपूर्ण है। दूसरा बड़ा परिवर्तन चीन और बांग्लादेश की बढ़ती निकटता है। चीन लंबे समय से बांग्लादेश का प्रमुख आर्थिक और रक्षा साझेदार है। बांग्लादेश चीनी हथियारों का बड़ा ग्राहक रहा है और चीन वहां बुनियादी ढांचा तथा रक्षा-संबंधी परियोजनाओं में सक्रिय है। भारत के लिए समस्या भूगोल से और गंभीर हो जाती है। चीन पहले से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत का प्रमुख सैन्य प्रतिद्वंद्वी है। सिक्किम के उत्तर और पूर्व में चीनी सैन्य ढांचा मौजूद है और 2017 का डोकलाम संकट दिखा चुका है कि भूटान–सिक्किम–तिब्बत क्षेत्र की सामरिक स्थिति सीधे सिलीगुड़ी कॉरिडोर की भारतीय चिंताओं से जुड़ सकती है। यदि इसी समय बांग्लादेश में चीन का रक्षा और रणनीतिक प्रभाव बढ़ता है, तो भारतीय योजना निर्माताओं को उत्तर और दक्षिण दोनों दिशाओं को ध्यान में रखकर आपातकालीन योजना तैयार करनी होगी। इसका अर्थ यह नहीं कि चीन और बांग्लादेश भारत पर संयुक्त हमले की तैयारी कर रहे हैं; इसका अर्थ यह है कि भारत अपने सबसे संवेदनशील संपर्क क्षेत्र की सुरक्षा को किसी एक दिशा से आने वाले खतरे तक सीमित नहीं रख सकता। यहीं धुबरी–किशनगंज–चोपड़ा त्रिकोण की रणनीतिक उपयोगिता दिखाई देती है। किसी संकट में सुरक्षा केवल सीमा पर सैनिक खड़े करने का प्रश्न नहीं होती। सैन्य बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तेजी से स्थानांतरित करना, गोला-बारूद और रसद पहुंचाना, सड़क तथा रेलवे संपर्क सुरक्षित रखना, महत्वपूर्ण पुलों और संचार केंद्रों की रक्षा करना तथा किसी तोड़-फोड़ के बाद वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक होता है। सुरक्षा ग्रिड का उद्देश्य यदि इसी प्रकार की अतिरेकता पैदा करना है तो यह 'चिकन नेक' की पुरानी कमजोरी को केवल अग्रिम रक्षा के बजाय गहराई में फैली सुरक्षा संरचना से संबोधित करने का प्रयास है। तीसरा तत्व पाकिस्तान है। पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व की भारत-विरोधी बयानबाजी को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां स्वाभाविक रूप से नोट करती हैं। लेकिन 'इस बार पूर्वी दिशा से हमला होगा' जैसे किसी विशिष्ट कथित बयान को आधिकारिक सैन्य तथ्य मानने से पहले उसके मूल संदर्भ और शब्दशः प्रमाण की पुष्टि आवश्यक है। इसीलिए सिलीगुड़ी में 22 अगस्त की बैठक में केवल सैन्य उपस्थिति नहीं, बल्कि केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों, राज्य पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। यही आधुनिक 'ग्रिड सुरक्षा' का महत्वपूर्ण तत्व है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की एक और विशेषता है कि इसके आसपास भारत की अलग-अलग प्रकार की सीमाएं हैं। नेपाल और भूटान के साथ भारतीय संबंध मैत्रीपूर्ण हैं और वहां सीमा प्रबंधन की प्रकृति बांग्लादेश या चीन सीमा से अलग है। लेकिन खुली या अपेक्षाकृत सुगम आवाजाही वाली सीमाओं का दुरुपयोग आपराधिक या शत्रुतापूर्ण नेटवर्क कर सकते हैं। इसीलिए सशस्त्र सीमा बल की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। यही धुबरी, किशनगंज और चोपड़ा के त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड का व्यापक सामरिक अर्थ है। भारत अपनी सबसे चर्चित भौगोलिक कमजोरी को केवल बचाने की नहीं, बल्कि उसके चारों ओर ऐसी सुरक्षा गहराई तैयार करने की कोशिश कर रहा है जिसमें सीमा सुरक्षा, सैन्य तत्परता, खुफिया जानकारी, पुलिस व्यवस्था और आधारभूत ढांचे की सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी हों। सेंट मार्टिन और बंगाल की खाड़ी में बदलती भू-राजनीति से लेकर बांग्लादेश–चीन निकटता और हिमालयी सीमाओं तक यदि पूरे पूर्वी क्षेत्र को एक ही सामरिक मानचित्र पर रखा जाए, तो अमित शाह की सिलीगुड़ी बैठक का महत्व कहीं अधिक स्पष्ट दिखाई देता है।

### जल प्रदूषण

ज्ञानेन्द्र रावत



# आखिर कौन बनेगा यमुना का भगीरथ

देश में पुण्य दायिनी नदी गंगा के बाद दूसरी प्रमुख नदी यमुना का प्रदूषण चर्चा का विषय बना हुआ है। कारण उसका प्रदूषण खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। कारण उसका 85 फीसदी से ज्यादा प्रदूषण बिना ट्रीट किए घरेलू कचरे और औद्योगिक रसायन युक्त अपशिष्ट से है। इस बारे में दिल्ली सरकार बरसों से दावे-दर-दावे करती रही है। बीता इतिहास इसका जीता-जागता सबूत है। केजरीवाल ने भी यमुना के शुद्धिकरण का बीड़ा उठाया था। उनके भी कार्यकाल ने यमुना की सफाई की दिशा में दावों और घोषणाओं के मामले में काफी सुर्खियां बटोरी थीं और आलोचनाएं भी झेली थीं। अब यदि दिल्ली के जल संसाधन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की मानें तो अब यमुना की सफाई अलग-अलग परियोजना के माध्यम से नहीं, वरन दिल्ली की पूरी सीवर अवसंरचना में व्यापक बदलाव के जरिये की जा रही है। उनका मानना है कि यमुना तब साफ होगी जबकि हर घर सीवर नेटवर्क से जुड़ा होगा। हर बूंद सीवेज का उपचार होगा। इसी बदलाव की शुरुआत हमने की है। ये रहा उनका दावा। अब जरा हालात का भी जायजा लें। सबसे पहले देश की पतितपावनी और मुक्तिदायिनी नदी गंगा को लें जिसका जल पुण्य का सबब माना जाता है। वही मोक्षदयिनी नदी गंगा अपने मायके उत्तराखंड में ही मैली है। इसका खुलासा कैग की रिपोर्ट कर ही चुकी है। आज तक 1985 से लेकर गंगा प्रदूषण मुक्ति हेतु 42,000 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। गंगा एक्शन प्लान पर शुरुआत में ही 1200 करोड़ की राशि खर्च की गई। लेकिन हालात गवाह हैं कि आज उसका जल पुण्य का नहीं, मौत का सबब बन गया है। यमुना आज तमिलनाडु की कूवन नदी सहित देश की सबसे प्रदूषित नदी है। उसकी सफाई पर अब तक हुए खर्च की बात करें तो संसद में दिए आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल 5,536 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। जबकि यमुना संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर पहले ही लगभग 1,951 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी थी। इसके अलावा दिल्ली सरकार के ग्रीन बजट के तहत दिल्ली जल बोर्ड को 6485 करोड़ रुपये की राशि दी गई और अभी हाल फिलहाल में ही दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 4500 करोड़ की राशि की मंजूरी दी है। यही नहीं यमुना के जल को साफ करने के साथ साथ नजफगढ ड्रेन की सफाई के लिए 1000 करोड़ की परियोजनाओं को दिल्ली सरकार ने और मंजूरी दी है। मछलियों में मिले माइक्रो प्लास्टिक में 77.8 फीसदी हिस्सा कपड़ों और धागे के सूक्ष्म रेशों का था। इसका मुख्य कारण सिंथेटिक कपड़े, घरेलू धुलाई, टैक्सटाइल उद्योग और रसायन युक्त अपशिष्ट जल का बहाव है। अब जरा यमुना के पानी में जहरीले रसायनों की बात करें तो पाते हैं कि हकीकत में यमुना के पानी में अमोनिया की सीमा अधिकांश एसटीपी को भी बाधित करती है। बी ओ डी का स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक है और घुलित आक्सीजन का स्तर अक्सर 2 मिलीग्राम प्रति लीटर से भी कम होने से जलीय जीवों के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है। मानव और पशु मल-मूत्र से आने वाले वैक्टीरिया का स्तर सीमा से 32,000 गुणा से भी ज्यादा है। यह खतरे का संकेत है। वैसे तो यमुना की दशा पूरे प्रवाह क्षेत्र में शोचनीय है, लेकिन यदि देश की राजधानी दिल्ली के 22 किलोमीटर इलाके की ही बात करें तो यमुना अपनी बदहाली की कहानी खुदबखुद बयां करती है। यहां का जल फीकल कोलिफार्म, लैड जैसी भारी धातुओं और डिटर्जेंट से इतना प्रदूषित है कि इसके संपर्क में आने से लोग कैंसर, गंभीर त्वचा रोग, सांस, पेट के संक्रमण, लिवर, तंत्रिका तंत्र आदि जानलेवा रोगों का शिकार हो रहे हैं। हकीकत यह है कि देश में यमुना ही नहीं गंगा, वरुणा, रोहिणी, पांडु, ईशन, सई, घाघरा, काली, गोमती, रामगंगा, कोसी, राप्ती, तमसा, सरयू, नीमा, बीटा, सेंगर, अरिंद, सरायन, करवन, काक, उल्ल जैसी देश की तकरीब चार सौ से अधिक नदियों में सीवेज का गंदा पानी 1385 से भी ज्यादा गंदे नालों के जरिए बहाये जाने के मामलों में बीते बरसों में बेतहाशा बढ़ोतरी देखी गयी है। फिर भी देश के भाग्य विधाता मौन हैं। अब सवाल यह है कि यमुना बरसों से निर्देशों, दावों के जाल में उलझी है।

## शक्ति, मुक्ति और विजय की यात्रा है ज्ञान



संकलित

दर्शन

ज्ञान शक्ति है, ज्ञान ही मुक्ति भी और ज्ञान ही विजय की यात्रा है। जिसे हम जान लेते हैं, उससे हम मुक्त हो जाते हैं और जिसे हम जान लेते हैं, उसे हम जीत भी लेते हैं। हमारी हार और पराजय हमारे अज्ञान के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। अंधकार है, इसीलिए पराजय है। प्रकाश हो तो पराजय असंभव है। प्रकाश विजय बन जाता है। मृत्यु के संबंध में पहली बात आपसे यह कहना चाहूंगा कि मृत्यु से अधिक असत्य और कुछ भी नहीं है लेकिन मृत्यु ही सत्य मालूम होती है। न केवल सत्य मालूम होती है, बल्कि जीवन का केंद्रीय सत्य भी वही मालूम होती है और ऐसा प्रतीत होता है कि सारा जीवन मृत्यु से घिरा हुआ है और चाहे हम भूल जाते हों, भुला देते हों, लेकिन फिर भी मृत्यु चारों तरफ निकट ही खड़ी रहती है। अपनी छाया से भी ज्यादा अपने पास मृत्यु है। जीवन का जो रूप हमने दिया है, वह भी मृत्यु के भय के कारण ही दिया है। मृत्यु के भय ने समाज बनाया है, राष्ट्र बनाए हैं, परिवार बनाए हैं, मित्र एकत्रित किए हैं। मृत्यु के भय ने धन एकत्रित करने की दौड़ दी है, मृत्यु के भय ने पदों की आकांक्षा दी है और सबसे बड़ा आश्चर्य यह है कि मृत्यु के भय ने ही हमारे भगवान और हमारे मंदिर भी खड़े कर दिए हैं। मृत्यु से भयभीत घुटने टेककर प्रार्थना करते हुए लोग हैं। मृत्यु से भयभीत आकाश की तरफ, परमात्मा की तरफ हाथ जोड़े हुए लोग हैं।

## सद्गुरु निर्गुण निराकार का साकार स्वरूप



संकलित

प्रेरणा

सौ चांद एवं हजार सूर्य भी उदय होकर संसार को प्रकाशित कर रहे हों परंतु सद्गुरु नहीं है तो घोर अंधकार ही है। सद्गुरु सूर्य की भांति होते हैं। सूर्य के प्रकाश को देखने के लिए किसी मशाल या किसी दीये की आवश्यकता नहीं होती। सूर्योदय होते ही स्वतः प्रकृति में सूर्य की उपस्थिति का आभास हो जाता है। पेड़-पौधे, फूल-कलियां, पशु-पक्षी, जड़-चेतन में स्फुरण हो जाता है अर्थात प्राणों का संचार हो जाता है। इसी प्रकार प्रबल उत्कंठा रखने वाले जिज्ञासु के जीवन में जब सद्गुरु रूपी सूर्य का उदय होता है, तो जन्मों का अज्ञान तिमिर समाप्त होकर ज्ञान उजाला हो जाता है। निर्गुण निराकार का साकार स्वरूप सद्गुरु होता है, जिस प्रकार सूर्य को हम नहीं देख पाते हैं परंतु उसी के प्रकाश से जब चंद्रमा उदय होता है तो हम सभी उसको निहारते हैं, शीतलता का आनंद प्राप्त करते हैं, प्रेमीजन एक भिन्न प्रकार का आनंद प्राप्त करते हैं इसी प्रकार भक्तजन ईश्वर के निराकार रूप में वो आनंद नहीं प्राप्त कर पाते जो कि परब्रह्म के साक्षात स्वरूप सद्गुरु के दिव्य दर्शन करके प्राप्त करते हैं। गोपियां सद्गुरु श्री कृष्ण के दर्शन करते हुए थकतीं नहीं थीं एवं प्रेम में उनकी सुध-बुध सब विस्मृत हो जाती थी। एक क्षण के लिए विलग नहीं हो पाती थीं इसी प्रकार भक्तजन सद्गुरु से कतई विलग नहीं हो पाते, क्योंकि भक्तजनों के लिए सद्गुरु पिंड प्राण होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विज्ञान की भी अपनी सीमाएं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है।

*-अंकित धनखड़, रोहतक*

## ट्रेंड

### तीन भगोड़े पकड़े



मलेशिया से बबीहा गिरोह के तीन भगोड़े अपराधियों को पकड़कर भारत लाया गया है और उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है। भगोड़े अपराधियों में जसप्रीत सिंह, अजय सिंह और पवनदीप सिंह शामिल हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### अथर्ववेद पढ़ें राहुल



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते है। वे अर्बन नक्सलियों के हाथों देश को बर्बाद करना चाहते है। अगर वे मनुस्मृति को समझना चाहते है तो अथर्ववेद पढ़ें।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तर प्रदेश

### तेलंगाना का विकास रोक रहे



केंद्र सरकार तेलंगाना के साथ भेदभाव कर रही है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल संसद में यह मुद्दा उठाएंगे। केंद्र सरकार ने गुजरात के मुख्यमंत्री को अमेरिका यात्रा की अनुमति दे दी, लेकिन मुझे नहीं दी। मुझे अमेरिका यात्रा की अनुमति नहीं देना तेलंगाना के विकास को रोकना है। -रेवंत रेड्डी, सीएम, तेलंगाना

### मतदाताओं के नाम हटाए



लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम गैर-कानूनी तरीके से हटा दिए गए है; अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फिर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। जनगणना की कवायद एनआरसी लागू करने की चोर-दरवाजे से की गई एक और कोशिश है।

-ममता बनर्जी, पूर्व सीएम, प. बंगाल

## करंट अफेयर

# मक्का एग्रीमेंट की खटास मिटाने ईरान जाएंगे मुनीर!

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ईरान का दौरा करेंगे। तेहरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि यह दौरा इलाके में शांति और सुरक्षा लाने की कोशिशों को आगे बढ़ाने के लिए है। हालांकि, मुनीर का दौरा ऐसे वक्त हो रहा, जब मक्का एग्रीमेंट में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की ने साइन किए हैं। वहीं, होर्मुज को लेकर अमेरिका से ईरान का विवाद बना हुआ है। पाकिस्तान ने ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। इसका मकसद उस युद्ध को खत्म करना है, जो फरवरी में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद शुरू हुआ था।



## ऑफ बीट

# मनोकामनाएं पूरी करते हैं प्रयागराज के ताले वाले महादेव

प्रयागराज में भगवान शिव का एक ऐसा अनोखा मंदिर है, जहां भक्त अपनी मनोकामना को ताले में बांधकर भोलेनाथ के चरणों में छोड़ देते हैं। नाथेश्वरनाथ महादेव मंदिर को लोग प्यार से 'ताले वाले महादेव मंदिर' के नाम से भी जानते हैं। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु अपनी इच्छा पूरी होने की प्रार्थना करते हुए मंदिर परिसर में एक ताला लगाते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। इस मंदिर की परंपरा बाकी शिवालयों से इसे अलग बनाती है। श्रद्धालु ताले पर अपना नाम, पता या पहचान लिखकर उसे मंदिर की जाली, दीवार या परिसर में किसी निर्धारित जगह पर लगा देते हैं। इसके बाद वे अपनी इच्छा पूरी होने का इंतजार करते हैं।



## संक्षेप

### ककरहा गांव के किनारे मेड़ पर बैठा दिखा तेंदुआ, दहशत



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की ककरहा रेंज अंतर्गत ककरहा गांव के किनारे खेत की मेड़ पर गुरुवार को तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। तेंदुए को देखकर खेतों में काम कर रहे किसानों में अफरा-तफरी मच गई। किसान किसी तरह मौके से भागकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक, तेंदुआ काफी देर तक खेत की मेड़ पर बैठा रहा और आसपास टकटकी लगाए देखता रहा। गांव के किनारे तेंदुआ दिखाई देने की सूचना फैलते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया। लोगों ने खेतों की ओर अकेले जाने से परहेज करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के आसपास निगरानी बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि तेंदुआ के बारे में जानकारी मिली है मौके पर वन विभाग की टीम को भेजा गया है ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा गया है।

### किसानों का धरना प्रदर्शन

**बोले- लो वोल्टेज और ट्रिपिंग से परेशान, बेसहारा पशुओं का भी मुद्दा उठाया**

अमेठी , गौरीगंज में बिजली विभाग व पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। जन कल्याण समिति के बैनर तले सैकड़ों महिलाओं और किसानों ने सीओ कार्यालय के मुख्य गेट पर टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। समिति की अध्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। धरना दे रहे ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिनों पहले बिजली विभाग को लेकर एक बड़ा विवाद हुआ था। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों ने ग्रामीणों और महिलाओं के साथ सरेआम अभद्रता की थी। इसकी लिखित शिकायत समिति अध्यक्ष रीता सिंह ने खुद सीओ गौरीगंज को दी थी। आरोप है कि पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे आक्रोशित होकर उन्हें अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होना पड़ा।लो वोल्टेज और बेसहारा पशुओं ने बढ़ाई किसानों की टेंशन धरना स्थल पर किसानों की समस्याएं भी प्रमुखता से गूंजीं। किसानों ने बताया कि धान की सिंचाई का सबसे अहम समय चल रहा है, लेकिन 8 से 10 घंटे की बिजली आपूर्ति में भी लो वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग के कारण ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं, जिससे फसलें सूख रही हैं। इसके अलावा बेसहारा पशु लगातार खेतों में घुसकर बची-खुची फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। वहीं, पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा भी अब तक किसानों के हाथ नहीं लगा है। धरने के एफआईआर और कार्रवाई नहीं होती, और किसानों की बिजली व मुआवजे की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक यह धरना जारी रहेगा।

# विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें: डॉ आनंद गोंड

## सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला विद्युत समन्वय समिति की बैठक

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/ संतोष मिश्रा



बहराइच। सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार जिला विद्युत समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक कैसरगंज आनन्द यादव, भाजपा जिला महामंत्री रणविजय सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में विद्युत विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे आरडीएसएस, बिजनेस प्लानह्व एवं एल.ओ.एच. इत्यादि के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियंता विद्युत नवीन चन्द्र प्रसाद द्वारा विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सांसद बहराइच व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विद्युत आपूर्ति में सुधार, जर्जर लाइनों के सुदृढ़ीकरण, ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन में तीव्रता तथा उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय।इसके अलावा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता को प्राथमिकता दी जाय। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा सतर्कता (विजिलेंस) विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा करते हुए विद्युत चोरी की रोकथाम, अनधिकृत विद्युत उपयोग के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई एवं विभागीय सतर्कता से संबंधित कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यकतानुसार प्रभावी रूप से कार्यवाही को संचालित करने के निर्देश दिये गये। जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद में विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया गया कि विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करते हुए जनसामान्य को बेहतर विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। अधीक्षण अभियंता श्री प्रसाद द्वारा आश्वस्त किया गया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए दिशा निदेर्शों का अनुपालन करते हुए विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे। जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप जनपद में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा जाए। विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अधिशासी अभियंता बहराइच नवीन चन्द्र प्रसाद, अधिशासी अभियन्ता प्रवेश कुमार, राम शब्द व अनूप कुमार सहित समस्त उपखंड अधिकारी एवं समस्त अवर अभियंता बैठक में उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन पर एसएसबी जवानों की कलाई पर बंधी राखी, बहनों ने लिया हर वर्ष रक्षा बांधने का संकल्प

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में सीमा सुरक्षा और बंधुत्व की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से एकल अभियान के तत्वावधान में रक्षाबंधन के अवसर पर 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कैंप प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कमांडेंट गिरीश चंद्र पांडेय के दिशा-निर्देशन में तथा असिस्टेंट कमांडेंट अभिषेक कुमार के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सनत कुमार शर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट कमांडेंट अभिषेक कुमार रहे।रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एकल अभियान से जुड़ी बहनों ने एसएसबी के जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बहनों ने जवानों की लंबी उम्र और देश की सुरक्षा में उनके निरंतर योगदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने संकल्प लिया कि वे हर वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों को राखी बांधेंगी। कार्यक्रम में मौजूद एसएसबी जवानों ने भावुक होकर कहा कि सीमा पर ड्यूटी के कारण वे अक्सर रक्षाबंधन जैसे पर्व पर अपने घर नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में बहनों द्वारा सीमा पर पहुंचकर उन्हें राखी बांधना उनके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है।जवानों ने कहा कि बहनों के इस स्नेह और सम्मान को वे सदैव याद रखेंगे। इस अवसर पर इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार, राम रतन संच प्रमुख, राधेश्याम आंचल अभियान प्रमुख, जगदंबा प्रसाद संच व्यास, अंबिका कुमारी, बीना तुलस्यान, मीना अग्रवाल, प्रीति भार्गव, सुनीता देवी, मंतोष कुमारी सहित दर्जनों बहनें मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम्ह्व के जयघोष लगाए। राष्ट्रभक्ति और भाई-बहन के स्नेह से ओतप्रोत माहौल में कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नबी के नारों से गूंजी फिजाएं, अकीदत से मनाया गया मो0 साहब का जन्म दिवस

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। चौकी वैवाही क्षेत्र में शांति व सुरक्षा के बीच निकाला गया वारहवफात का जुलूस। चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल रहा मौजूद। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी वैवाही के रामपुर धोबिया व में बुधवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-उन-मिलादुन्नाबी (बारावफात) के अवसर पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया।यह जुलूस दोपहर लगभग 1 बजे बाजे-गाजे के साथ निकाला गया। इसमें मुस्लिम समुदाय के बड़ी संख्या में धर्मगुरु, मौलाना इरफान भाई, डॉक्टर समीम अहमद, डॉक्टर कलीम, हाजी बाबू ठेकेदार सहित अन्य लोग शामिल हुए।इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय ने मस्जिदों और घरों को भव्यता से सजाया। कुरान की तिलावत की गई, नात पढ़ी गईं और पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद किया गया। जुलूस-ए-मोहम्मदी में उपस्थित धर्मगुरुओं ने मोहम्मद साहब के जीवन से दया, शांति और भाईचारे की सीख लेने की अपील की। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकी वैवाही प्रभारी शशि प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।



# जरवल रोड में शान-ओ-शौकत के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**हजारों अकीदतमंदों ने पैगंबर-ए-इस्लामकी यौमे पैदाइश पर किया खुशी का इजहार, पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी में शांतिपूर्ण रहा जुलूस**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। बृहस्पतिवार को बारह रबीउल अव्वल के मुकद्दस मौके पर जरो रोड में जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी अकीदत, शान-ओ-शौकत और हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जुलूस में हजारों की तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत कर पैगंबर-ए-इस्लाम, आखिरुज्जमां हजरत मोहम्मद मुस्तफा की यौमे पैदाइश के मुकद्दस मौके पर खुशी का इजहार किया। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों में खासा उत्साह नजर आया। विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने पूरे अदब और एहतराम के साथ जुलूस में हिस्सा लिया। जुलूस निर्धारित मार्ग से होकर गुजरा और पूरे कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का माहौल कायम रहा।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस कर्मियों ने जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखी और यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने में सहयोग किया। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी और आयोजकों की व्यवस्था के चलते जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। जुलूस के समापन तक पुलिस बल लगातार मौके पर मौजूद रहा। इस दौरान अकीदतमंदों ने पैगंबर-ए-इस्लाम की यौमे पैदाइश की खुशी मनाते हुए अमन, भाईचारे और आपसी सौहार्द का पैगाम दिया।

# एकल अभियान की बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच थाना फखरपुर परिसर में एकल अभियान की बहनों द्वारा रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एकल अभियान की बहनों संच प्रमुख पुष्पलता, आचार्या स्वाती पाठक, संजू, निशा, अर्चना, दिव्या, सविता, ममता समेत अन्य ने थाना परिसर में उपस्थित एस एच ओ रामकुमार राजभर व अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्नेहपूर्वक राखी बांधी तथा उनके सुख, समृद्धि एवं दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बहनों को सुरक्षा एवं सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में भाई-बहन के प्रेम, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुआ। थाना फखरपुर पुलिस द्वारा एकल अभियान की बहनों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एकल परिवार के गतिविधि प्रमुख राम सेवक , अध्यक्ष राजमणि त्रिपाठी गुरुजी, पेशकार यादव , अजय चौधरी समेत थाना अध्यक्ष रामकुमार राजभर व उनकी पूरी पुलिस टीम व अन्य वरिष्ठजन मौजूद रहे।



# रक्षाबंधन आज, बाबागंज में जबरदस्त चहल-पहल

## भीड़ को देखते हुए चौकी क्षेत्र के बाजारों में पुलिस मुस्तैदः मानवेन्द्र सिंह

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट विश्वास का प्रमुख पर्व रक्षा बंधन को लेकर कस्बा बाबागंज में जबरदस्त चहल-पहल और रौनक देखने को मिल रही है।रक्षा बंधन को लेकर मिठाई और राखियों की दुकानें पूरी तरह सज चुकी हैं और बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। बच्चों और युवाओं के लिए फैंसी और सेल चलित राखियां आकर्षित कर रही है। बच्चों के लिए टॉम-जेरी, छोटा भीम, स्पाइटर मैन वाली राखियां खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसके अलावा रेशम, सिल्वर, सामान्य राखियो सहित अन्य डिजाइनर राखियो की भारी मांग है।मो ताज, सतेंद्र वर्मा, आकाश गुप्ता आदि दुकानदारों नें बताया है कि पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष राखियो के रेट में इजाफा हुआ है।

चौकी इंचार्ज बाबागंज मानवेन्द्र सिंह नें बताया है कि भीड़ को देखते हुए चौकी क्षेत्र के बाजारों में पुलिस मुस्तैद है और ह ? स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है।इस मौके पर आरक्षी भीष्म यादव, झलक मिश्रा, धनु कुमार, सुनील यादव, सत्यम सोनी, अर्जुन मौर्य तैनात रहे।

# प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा में मेधावी छात्राओं को निशुल्क स्टडी टेबल वितरित

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। विकासखंड नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा में मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निशुल्क स्टडी टेबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज श्री राधेश्याम वर्मा ने विद्यालय की मेधावी छात्राओं को स्टडी टेबल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस दौरान कक्षा तीन की छात्रा खुशी आर्या, कक्षा चार की छात्रा महबिश तथा कक्षा पांच की छात्रा खुशबू को निशुल्क स्टडी टेबल वितरित की गई। स्टडी टेबल मिलने से छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के प्रयास विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने में भी सहायक होते हैं।कार्यक्रम में नोडल शिक्षक संकुल धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, आनंद भूषण मिश्र, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आलिया खातून, राहुल सोनी, फरीद अहमद, शशि द्विवेदी, श्वेता सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।विद्यालय परिवार ने मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए किए गए इस प्रयास की सराहना की तथा अन्य विद्यार्थियों से भी नियमित रूप से मेहनत और लगन के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया।

# रक्षाबंधन से पूर्व रुपईडीहा बाजार में बढ़ी रौनक, मिठाई की दुकानों पर उमड़ी ग्राहकों की भीड़

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नजदीक आते ही नगर पंचायत रुपईडीहा के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पर्व को लेकर बाजार में खरीदारी का सिलसिला तेज हो गया है। चकिया रोड चौराहे सहित कस्बे के प्रमुख बाजारों में मिठाई, राखी और अन्य उपहारों की दुकानें सज गई हैं।रक्षाबंधन को लेकर बहनों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं और युवतियां बाजार पहुंचकर अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियों के साथ मिठाइयों की खरीदारी करती नजर आ रही हैं। चकिया रोड चौराहे पर सजी मिठाई की दुकानों पर तरह-तरह की मिठाइयां ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। दुकानदारों ने भी पर्व को देखते हुए दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है।बाजार में पारंपरिक मिठाइयों के साथ विभिन्न प्रकार की नई मिठाइयां भी उपलब्ध हैं। ग्राहकों की पसंद और मांग को देखते हुए दुकानदारों ने पहले से ही पर्याप्त मात्रा में मिठाइयों का इंतजाम किया है।वहीं, राखी की दुकानों पर भी अलग-अलग डिजाइन और रंगों की राखियां उपलब्ध हैं। छोटी बच्चियों से लेकर युवतियों और महिलाओं तक अपनी पसंद की राखियां खरीदने में रुचि दिखा रही हैं। कई लोग मिठाई के साथ भाइयों के लिए उपहार भी खरीद रहे हैं।रक्षाबंधन केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत करने वाला पारिवारिक त्योहार भी है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा तथा हर सुख-दुख में साथ देने का संकल्प लेते हैं। इसी भावना के साथ रुपईडीहा में भी पर्व को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है।

# नवयुग इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देकर अपनी जिम्मेदारियां को निभाएं शिक्षा से ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है।नवयुग इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नमामि गंगे के संयोजक महेन्द्र विश्वकर्मा रहे। कार्यक्रम में विश्वकर्मा समाज के सामाजिक, शैक्षिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा समाज के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षिक उपलब्धि के लिए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। बैठक में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के अध्यक्ष सतनाम विश्वकर्मा, महामंत्री अजय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राम विजय विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी मिथिलेश शर्मा, कतरनिया ग्राम प्रधान राम मिलन विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा राजकमल विश्वकर्मा मयंक विश्वकर्मा एवं नवीन विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संतोष विश्वकर्मा ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा युवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की सहभागिता रही और कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# आरटीओ महोदय, जरा इस ओर भी नजर डालिए

## बताइये: इस ई-रिक्शा में कुल कितनी सवारियां बैठी हैं ?

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। यूपी परिवहन विभाग और लखीमपुर खीरी की ट्रैफिक पुलिस दोनों ही अपने-अपने एसी कार्यालयों में आराम फरमा रहे हैं, और सड़कों पर यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। लखीमपुर खीरी में एक ई-रिक्शा में क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां बैठाकर सड़क पर दौड़ाए जाने का मामला सामने आया है। वायरल वीडियो में ई-रिक्शा की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसमें यात्रियों की संख्या निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक है। हाल ही में निघासन-ढखेरवा मार्ग पर करीब 24 सवारियों से भरा ई-रिक्शा सामने आने की खबर भी प्रकाशित हुई थी।ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जिम्मेदार विभाग कब जागेंगे ? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है ? क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ई-रिक्शा चलाना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की जान के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है।आरटीओ महोदय, जरा इस ओर भी नजर डालिए और बताइए—इस ई-रिक्शा में कुल कितनी सवारियां बैठी हैं ?स्थानीय लोगों की मांग है कि परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ऐसे ओवरलोड ई-रिक्शाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करें, ताकि सड़क पर होने वाले संभावित हादसों को समय रहते रोका जा सके।

# रक्षाबंधन पर कैसरगंज में हाई अलर्ट, सड़कों पर उतरी पुलिस फोर्स

**संदिग्धों की चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। बृहस्पतिवार शाम रक्षाबंधन पर्व को लेकर कैसरगंज पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आई। पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव और कोतवाली प्रभारी राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में कई दर्जन पुलिसकर्मियों ने कस्बे के प्रमुख बाजारों, चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### पुलिस की पैनी नजर, संदिग्धों की हुई चेकिंग

पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों को रोककर उनकी जांच की। पुलिसकर्मियों ने बाजार में मौजूद लोगों से संवाद करते हुए उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती।

### त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी सख्ती

सीओ कैसरगंज डीके श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि रक्षाबंधन पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। सोशल मीडिया समेत सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस की निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कोतवाली प्रभारी राजकुमार पांडेय ने कहा कि कैसरगंज में रक्षाबंधन का पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाए, इसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। कस्बे में लगातार गश्त और निगरानी जारी रहेगी। पुलिस की पैदल गश्त और चेकिंग से जहां शरारती तत्वों में खलबली रही, वहीं आम लोगों ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस की सक्रियता की सराहना की।

# संक्षेप

## डीएम अस्मिता लाल ने यमुना घाट का निरीक्षण किया

### श्मशान घाट की सफाई और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए

बागपत , जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को यमुना पक्का घाट स्थित श्मशान घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर श्मशान घाट की सफाई व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने श्मशान घाट परिसर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया।उन्होंने अधिशासी अधिकारी हरि लाल पटेल को नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।साथ ही परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि श्मशान घाट एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल है। यहां अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता और मूलभूत व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कार्य नियमित रूप से कराया जाए। निरीक्षण के दौरान सामने आई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों से व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने को भी कहा। जिलाधिकारी के इस निरीक्षण के बाद श्मशान घाट की सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है।प्रशासन का लक्ष्य है कि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण मिले।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एएसपी, सीओ ने सुरक्षा व्यवस्था जांची

### रक्षाबंधन से पहले बाजारों में पैदल गश्त, महिलाओं से की बात

बागपत ,रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए बागपत पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान और सीओ सुकन्या शर्मा ने मंगलवार देर शाम शहर के मुख्य मार्गों और बाजारों में पैदल गश्त की। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बाजारों में बढ़ी भीड़, पुलिस ने बढ़ाई निगरानी रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है।बड़ी संख्या में महिलाएं खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रही हैं।भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बाजारों में अतिरिक्त निगरानी बढ़ा दी है। प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। महिलाओं से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलायाबारिश के बीच पैदल गश्त के दौरान एडिशनल एसपी और सीओ ने बाजार में मौजूद महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। अधिकारियों ने व्यापारियों से भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने को कहालापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनीएडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही मिलने पर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बागपत में फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है ।

# रक्षाबंधन पर विद्यालय के बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

## CPS बिंदकी में हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन

संवाददाता



बिंदकी ( फतेहपुर ) ।भाई-बहन के अटूट प्रेम एवं स्नेह के पावन पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, बिंदकी में 27 अगस्त 2026 को विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया ।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में राखी निर्माण एवं कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सुंदर एवं आकर्षक राखियां तथा मनमोहक शुभकामना कार्ड तैयार किए।विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश दिया ।इस अवसर पर विद्यालय के एकेजी, यूकेजी, कक्षा 1 एवं 2 के नन्हे-मुन्ने बच्चे तहसील परिसर, बिंदकी पहुंचे।बच्चों ने अधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व की खुशियां साझा कीं प्रतियोगिता में कक्षा 1 की राखी निर्माण श्रेणी में सक्षम तिवारी, रेशम तिवारी, सौरभ तिवारी, प्रियांक जैन एवं लक्ष्य वर्मा तथा कक्षा 2 में आर्यव सिंह और गौरव तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।वहीं कार्ड मेकिंग में कक्षा 1 से धर्मेंद्र सिंह जी और कक्षा 2 से वर्षा बांधकर ने अपनी प्रतिभा दिखाई।एकेजी-यूकेजी के नन्हे बच्चों ने भी शानदार प्रस्तुति दी ।इस स्नेहपूर्ण एवं संस्कारपूर्ण आयोजन को अधिकारियों ने सराहा और बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं, आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, निदेशिका प्राची श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य डॉ. नितिन तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। आयोजन को सफल बनाने में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# यमुना पुल पर टहल रही युवती ने लगाई छलांग रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

## फोन पर बात करते हुए सामान रखकर यमुना में कूदी लड़की

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुरे , जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर बांदा बॉर्डर से प्रवाहित हो रही दादों यमुना ब्रिज में कल गुरुवार सुबह समय एक युवती ने फोन पर बात करते हुए कुछ देर बाद यमुना में छलांग लगा दी आसपास मौजूदा लोग दौड़कर पहुंचे तथा शोर मचाया मौजूद लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी किशनपुर मनीष सिंह ने एसडीआरएफ तथा स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ कराया परंतु देर शाम खबर लिखते समय तक यमुना नदी के तीव्र प्रवाह के कारण युवती का कोई पता नहीं चला मौजूद लोगों ने बताया कि लड़की मोबाइल फोन से किसी से बात कर रही थी तथा पुल के ऊपर टहल रही थी युवती कुछ सामान भी लिए थी जहां बात करते हुए अचानक उसने अपना सामान एक तरफ रखा और यमुना नदी में कूद गई पुलिस प्रशासन ने मौके से युवती की अंगूठी क्लेचर कड़ा तथा दुपट्टा आदि बरामद किया वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि मामला फतेहपुर तथा बांदा दोनों जनपदों से जुड़ा हुआ है वही बांदा प्रशासन भी मौके पर मौजूद है टीम द्वारा ऑपरेशन सर्च चलाया जा रहा है वही मौके पर मिले सामान के आधार पर युवती की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है देर शाम तक युवती का कोई सुराख नहीं मिलो

# दरवाजे से गायब हुई मोटरसाइकिल पीड़ित ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर।जनपद के जहानाबाद कस्बे अंतर्गत चंदागली मोहल्ला से एक पीड़ित के दरवाजे से मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने गायब कर दी जहां जानकारी मिलने पर पीड़ित मोहल्ला निवासी मन्नूलाल यादव ने थाने में लिखित तहरीर देते हुए जानकारी दी कि उसकी मोटरसाइकिल बजाज कंपनी प्लैटिना जिसका नंबर यूपी 71 बीसी 0879 था घर के बाहर खड़ी थी विगत दिवस बुधवार लगभग 10 बजे देखा गया कि वहां मोटरसाइकिल नहीं थी आसपास खोजबीन की गई परंतु बाइक का कोई पता नहीं चला जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की जा रही है वही बाइक की तलाश जारी है

# पुलिस ने पीड़ित परिवार को लौटाया, कार्रवाई से किया इनकार



### नाबालिग अपहरण मामले में शिकायत पर भावनपुर पुलिस पर मिलीभगत का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,भावनपुर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी डेढ़ माह से लापता है, लेकिन थाना पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।परिवार ने इस संबंध में कप्तान कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। वहां से एक पर्ची लेकर जब वे थाने पहुंचे, तो उन्हें निराशा हाथ लगी।थाने में तैनात दरोगा ने कथित तौर पर पीड़ित परिवार से कहा, ₹जिससे पर्ची लाए हो, उसी से कार्रवाई करवाओ। हम तुम्हारे नौकर नहीं हैं ।₹ परिवार ने पुलिस पर मिलीभगत और पैसे लेकर काम करने का आरोप लगाया है।इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। किसान नेट भी इस मुद्दे से जुड़ने जा रहा है।किसान नेताओं का कहना है कि भावनपुर पुलिस का रवैया गलत है और थाने में सिर्फ पैसे लेकर ही काम किया जाता है।

# निमार्णधीन कैनाल पंप का क्षेत्रीय विधायक ने किया निरीक्षण उच्च गुणवत्ता के आधार पर निर्माण कार्य करने का दिया दिशा निर्देश



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर।जनपद के जहानाबाद विधानसभा से गुजरने वाले रजबहा तथा माइनरों की समस्याओं से निजात दिलाने हेतु क्षेत्रीय विधायक ने अथक प्रयास करते हुए पंप कैनाल निर्माण का प्रस्ताव पारित करा कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया कार्य की जिम्मेदारी एक कार्यदाई संस्था को दी गई जहां कार्य प्रारंभ हुआ तथा परियोजना का शुभारंभ विगत 27 दिसंबर को प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा किया गया आगामी वर्ष 2017 की फरवरी माह में यह कार्य संपूर्ण होने की संभावना है कार्यदाई संस्था श्रीवास्तव कंस्ट्रक्शन द्वारा किए गए कार्य के निरीक्षण पर पहुंचे कल क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने बारीकी से जगह-जगह निरीक्षण किया वही जानकारी देते हुए बताया कि घाटमपुर रजबहा से अमौली सिजौली और बिजौली माइनरो में विगत लगभग 55 वर्षों से बंद होने के कारण किसानों के खेतों में पानी की समस्याएं बनी रहती थी जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक ने अथक प्रयास करते हुए80 करोड़ 40 लाख रुपए का बजट सरकार द्वारा पारित कराया क्षेत्रीय विधायक ने कार्यदाई संस्था के प्रमुख अनिल श्रीवास्तव को दिशा निर्देश देते हुए बताया कि पंप कैनाल के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर कार्य संस्था ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगी वहीं संस्था के प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि पंप कैनाल का कार्य लगभग 50 फीसदी पूरा हो चुका है वही कार्य में पूरी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक के साथ अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे

# 25 हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

### छह महीने से था फरार था; चेकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार





मेरठ ,मवाना में पुलिस ने लूट के मामले में छह महीने से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी जोनी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसे मंगलवार को सैदीपुर रजवाहे के पास चेकिंग के दौरान पकड़ा। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मामला 15 अप्रैल 2026 का है। गंगा ग्रीन सिटी, हस्तिनापुर रोड निवासी तनीष कुमार ने मवाना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि तीन युवकों ने उनके पिता देवेंद्र कुमार पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। इसके बाद आरोपी उनकी बाइक और होटल के गल्ले में रखे करीब चार हजार रुपये लूटकर फरार हो गए थे।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दो आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

विवेचना के दौरान पुलिस ने वारदात में अर्जुन, राजकुमार उर्फ राजू और जोनी के शामिल होने की बात सामने आने का दावा किया।पुलिस ने अर्जुन और राजकुमार उर्फ राजू को 1 मई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जबकि जोनी लगातार फरार चल रहा था।जोनी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी।उसके फरार रहने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

### चेकिंग के दौरान पकड़ा गया

वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मवाना पुलिस सैदीपुर रजवाहे के पास चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को रोककर पूछताछ की।उसकी पहचान जोनी पुत्र धर्मपाल निवासी अकबरपुर सादात, थाना बहसूमा, मेरठ के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, वह लूट के मामले में वांछित और 25 हजार रुपये का इनामी आरोपी था।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

## व्यापारी के बेटे से लूट की थी, पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , व्यापारी के बेटे से पिस्टल के बल पर 24.85 लाख रुपए की लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। वेव सिटी पुलिस और स्वॉट टीम ने देर रात राजा जी रोड पर घेराबंदी की।पुलिस के मुताबिक, बदमाशों ने फायरिंग की, जिसके जवाब में दोनों के पैर में गोली लगी।उनके कब्जे से बाइक, दो तमंचे और लूट के 5 लाख रुपए बरामद किए गए हैंएसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि सोमवार देर रात राजा जी रोड पर कुछ संदिग्ध बदमाशों के होने की सूचना मिली थी।पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी।जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है।मेरठ से शुरू हुई थी रेकी पुलिस के मुताबिक, व्यापारी कैश लेकर गाजियाबाद आते-जाते थे। इसी दौरान बदमाशों ने उनकी रेकी शुरू कर दी।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सद्दाम पुत्र आफाक निवासी नीलमणि कॉलोनी, अर्थला गाजियाबाद और आसिफ पुत्र अहसान निवासी लिसाड़ीगेट, मेरठ के रूप में हुई है।पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए चार टीमें लगाई गई हैं ।थार रोककर पिस्टल तानी, अपहरण की कहानी सुनाईमेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र के अली बाग निवासी नईमुद्दीन डिकौली में कचरा प्रोसेसिंग की फैक्ट्री चलाते हैं। उनका बेटा गिलमान भी फैक्ट्री की देखरेख करता है।21 अगस्त की रात गिलमान अपने चचेरे भाई समद और साथी सलीम के साथ थार से दिल्ली जा रहा था। गिलमान के पास 24.85 लाख रुपए कैश था। यह रकम उसे दिल्ली के जाफराबाद निवासी अपने पार्टनर गयूर को देनी थी। गिलमान के मुताबिक, हाईटेक कॉलेज के पास पीछे से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ओवरटेक कर थार को रोक लिया। बदमाशों ने पिस्टल तानकर कहा कि उनकी लड़की गायब है और उसका अपहरण कर गाड़ी से ले जाया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने थार की तलाशी लेने की बात कही। हथियारों के बल पर बदमाशों ने गाड़ी में रखा 24.85 लाख रुपए कैश लूट लिया ।कनपटी पर पिस्टल रखकर दी गोली मारने की धमकीगिलमान के मुताबिक, बदमाशों ने उसकी कनपटी पर पिस्टल रखकर गोली मारने की धमकी दी। विरोध करने पर उसके चचेरे भाई समद को पिस्टल की बट से मारा गया।इसके बाद बदमाश कैश लेकर फरार हो गए ।पुलिस अब गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के बाकी सदस्यों और लूट की पूरी रकम के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# चेहरा छिपाकर एंटी करप्शन कोर्ट पहुंची डेयरी संस्थान की प्रिंसिपल

## 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा; रिश्वत लेते पकड़ी गईं थीं

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान एवं शोध केंद्र की प्रिंसिपल वंदना सिंह को एंटी करप्शन कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एंटी करप्शन टीम ने दोपहर करीब 2 बजे उन्हें कचहरी परिसर स्थित कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगा। कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

### 3.85 लाख का बिल पास करने के बदले मांगे थे 1.50 लाख

गंगानगर निवासी अमित सिवाच सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान एवं शोध केंद्र में ठेके पर कैंटीन चलाते हैं। कैंटीन में केंद्र पर आने वाले किसानों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। अमित का करीब 3.85 लाख रुपए का बिल लंबित था। आरोप है कि बिल पास कराने के एवज में प्रिंसिपल वंदना सिंह ने उनसे 1.50 लाख रुपए रिश्वत मांगी। अमित का आरोप है कि जब उन्होंने बिल पास कराने के लिए दबाव बनाया तो वंदना सिंह ने धमकी दी कि ज्यादा दबाव बनाया और मांग नहीं मानी तो खाने में एक छिपकली निकलवा दी जाएगी और कैंटीन का ठेका निरस्त कर दिया जाएगा। इसके बाद अमित ने मामले में कार्रवाई कराने का फैसला किया। सीबीआई से शिकायत के बाद एंटी करप्शन पहुंचा मामला अमित के मुताबिक, उन्होंने पहले मामले की शिकायत सीबीआई से की थी। वहां से नियमों का हवाला देते हुए उन्हें एंटी करप्शन टीम के पास भेज दिया गया। इसके बाद उन्होंने लिखित शिकायत दी। एंटी करप्शन टीम ने शिकायत की जांच के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। आरोप है कि 1.50 लाख रुपए की रिश्वत मांगने के बाद 1.35 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। एंटी करप्शन टीम ने केमिकल लगे नोट अमित को दिए और उन्हें वंदना सिंह के पास भेजा। जैसे ही वंदना सिंह ने रुपए हाथ में लिए, टीम ने उन्हें पकड़ लिया। दुपट्टे से चेहरा ढककर कोर्ट पहुंचींगिरफ्तारी के बाद टीम वंदना सिंह को लेकर कचहरी परिसर स्थित एंटी करप्शन कोर्ट पहुंची।इस दौरान उन्होंने दुपट्टे से चेहरा ढका हुआ था। परिवार के कई लोग भी कोर्ट परिसर में मौजूद रहे। वंदना सिंह की ओर से अधिवक्ता अमित दीक्षित ने पक्ष रखा और रिमांड का विरोध किया। वीडियोग्राफी को लेकर कोर्ट में हुई बहससुनवाई के दौरान वंदना सिंह के अधिवक्ता ने वीडियोग्राफी नहीं कराए जाने की बात उठाई।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी तेज

## 100 किलो बूंदी सीज, 200 किलो पनीर नष्ट, 9 नमूने लिए गए

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर, रक्षाबंधन पर्व से पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में विभाग ने रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 किलोग्राम बूंदी सीज की और 200 किलोग्राम मिलावटी पनीर नष्ट कराया। कुल 9 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि रात खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह और महेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने जेवर टोल प्लाजा पर चेकिंग की। इस दौरान आरके डेयरी, सहजपुरा, पिसावा, अलीगढ़ की गाड़ी से दिल्ली जा रहे पनीर का एक नमूना लिया गया ।इसके अतिरिक्त, नगला कला, अलीगढ़ स्थित राहुल कुमार की डेयरी की गाड़ी से दिल्ली के लिए सप्लाई हेतु ले जा रहे पनीर का एक नमूना और बाजना, मथुरा की मोहित डेयरी की गाड़ी से दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई के लिए जा रहे पनीर के दो नमूने भी लिए गए ।इसी प्रकार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल गुप्ता और रितु सक्सेना की टीम ने डीएनडी फ्लाईओवर पर दिल्ली सप्लाई के लिए जा रही राधे डेयरी, बाजना, मथुरा की गाड़ी से पनीर का एक नमूना लिया।

# पुलिस को मिली सिक्किम से लापता महिला

## मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद परिजन को सौंपा, दो बच्चों को छोड़कर आई थी

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,रोजगार की तलाश में सिक्किम से नोएडा आई महिला करीब 15 दिन पहले लापता हो गई थी। सेक्टर-39 थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर 10 दिन के भीतर उसे सकुशल ढूंढ निकाला। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के हस्तक्षेप के बाद मिली महिला को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पश्चिमी सिक्किम के रुंबुक की रहने वाली इंद्र कला सुब्बा के पति का निधन हो चुका है। उनके दो बच्चे हैं। वह 15 जुलाई को दोनों बच्चों को सिक्किम में छोड़कर रोजगार की तलाश में नोएडा आई थीं। उन्होंने परिजनों को बताया था कि वह सेक्टर-37 में अपनी दोस्त रीना के साथ रह रही हैं और जल्द ही उन्हें नौकरी मिल जाएगी। करीब 25 जुलाई को परिजनों की उनसे आखिरी बार बात हुई थी।

### संपर्क टूटने पर दर्ज कराई गुमशुदगी

महिला से संपर्क टूटने के बाद परिजनों और सिक्किम के शुभचिंतकों ने 13 अगस्त को सेक्टर-39 थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, महिला सूरजपुर में रहने वाले एक व्यक्ति के संपर्क में आ गई थी और उसके साथ संपर्क में थी। पुलिस ने 23 अगस्त को महिला को सकुशल ढूंढ निकाला और इसकी जानकारी शुभचिंतकों को दी। मुख्यमंत्री के प्रेस सचिव युगन तमांग की ओर से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, मामला संज्ञान में आते ही सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने दिल्ली स्थित सिक्किम हाउस के अधिकारियों को महिला की सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

# पैसों के लिए दोस्त को चाकू से गोदकर मार डाला

## दोनों बहनों का रो-रो कर बुरा हाल, मां बोली- पति को क्या जवाब दूंगी

अमन लेखनी समाचार



आयुष शुक्ला, मृतक

नोएडा, आंटी खाना बनाकर रखना, दो मिनट में आयुष के साथ वापस आता हूं।16 अगस्त को आरोपी लड़के ने आयुष की मां योगमाया से यही कहा था।मां को क्या पता था कि घर से निकला उनका बेटा फिर कभी वापस नहीं आएगा।21 अगस्त को आयुष का शव सेक्टर-54 के जंगल में सड़ी-गली हालत में मिला। परिजनों ने शव की शिनाख्त की। आयुष की हत्या के मामले में पुलिस ने एक किशोर को अभिरक्षा में लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश में कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। शुरूआती जांच में हत्या की वजह पैसों के लेनदेन से जुड़ी होने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि दोनों आरोपी आयुष को जन्मदिन की पार्टी देने के बहाने घर से बुलाकर ले गए थे मां का सवाल- मेरा बेटा कहां गया? आयुष की मां योगमाया का रो-रोकर बुरा हाल है। उनकी दो बेटियां हैं। भाई की मौत के बाद दोनों बहनें बार-बार यही पूछ रही हैं कि आयुष कहां गया। मां के पास उन्हें समझाने के लिए शब्द नहीं हैं परिवार के मुताबिक, आयुष उनका इकलौता बेटा था।उसकी हत्या के बाद घर में मातम पसरा है। मां बच्चों की परवरिश कर रही हैं, जबकि आयुष के पिता पंकज गंभीर मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं और लखनऊ में उनका इलाज चल रहा है ।परिजन इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि पिता को बेटे की हत्या की खबर कैसे दी जाए।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं बनीं भाजपा प्रदेश

**किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई ने दी बधाई**

अमन लेखनी समाचार

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं रावत को भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर किला मजदूर यूनियन, आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री कानपुर के महामंत्री समीर बाजपेई ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की हरी झंडी के बाद प्रदेश महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी कुंदन परिहार द्वारा 25 अगस्त 2026 को जारी आठ नए प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची में अनुकृति गुसाईं रावत को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें कोटद्वार से प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है।समीर बाजपेई ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके नेतृत्व, सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अनुकृति ने वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी से निर्वाचन क्षेत्र 40,लैंसडाउन विधानसभा से लड़ा था। वर्ष 2024 में अनुकृति भाजपा में शामिल हो गई थीं। समीर बाजपेई ने



आगामी 2027 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में अनुकृति गुसाईं रावत के विधायक निर्वाचित होने की शुभेच्छा व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि पार्टी नेतृत्व उन्हें विधानसभा चुनाव में अवसर देगा और वे जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगी।

# नाले में बहा बुजुर्ग, 14 घंटे बाद मिला शव



अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। लगातार हो रही बारिश के बीच गुरसराय थाना क्षेत्र के सिंगार गांव में बुधवार शाम बड़ा हादसा हो गया। 75 वर्षीय किशोरी लाल जानवरों के बाड़े की ओर जाते समय तेज बहाव वाले नाले में बह गए। करीब 14 घंटे बाद गुरुवार सुबह उनका शव नाले में फंसा हुआ बरामद हुआ। बताया गया कि किशोरी लाल घर से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित जानवरों के बाड़े में जा रहे थे। रास्ते में पड़ने वाले नाले में बारिश के कारण करीब 5 से 6 फीट पानी का तेज बहाव था। आशंका है कि नाला पार करते समय वह बहाव की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और गुरसराय प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। देर रात तक पुलिस और परिजन उनकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह नाले में उनका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना पर गरौठा एसडीएम सुनील कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# कोटा ग्राम में 20 हजार सीड बॉल थ्रो, हरियाली बढ़ाने का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरण्यक फाउंडेशन की ओर से सोनभद्र के कोटा ग्राम में सीड बॉल थ्रो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आरण्यक फाउंडेशन की टीम ने ग्रामवासियों के सहयोग से करीब 20 हजार सीड बॉल विभिन्न स्थानों पर थ्रो किए। सीड बॉल के माध्यम से ऐसे खाली और उपेक्षित क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से पौधों के विकास को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया, जहां सामान्य रूप से पौधरोपण करना कठिन होता है। कार्यक्रम के आयोजन में जिला प्रशासन और उप जिलाधिकारी का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस अभियान में ग्रामीणों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और प्रभावी बनाया। इस दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण, पौधों की देखभाल और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया आरण्यक फाउंडेशन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना और जनभागीदारी के माध्यम से जिले में हरियाली को बढ़ावा देना है। संस्था का मानना है कि सीड बॉल जैसी पहल के माध्यम से प्राकृतिक तरीके से पौधों के विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है और आने वाले समय में इससे पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और स्वयंसेवकों ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। फाउंडेशन की ओर से कहा गया कि जनभागीदारी और प्रशासन के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को आगे भी व्यापक स्तर पर जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेतन सिंह ने की। अभियान को सफल बनाने में शशांक शेखर सिंह, पवन सिंह, वैभव सिंह, हिमांशु वर्मा, सृष्टि सिंह, मानसी सिंह और कृतिका पाण्डेय समेत आरण्यक फाउंडेशन की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फाउंडेशन ने जिला प्रशासन, उप जिलाधिकारी, ग्रामवासियों और अभियान में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। आरण्यक फाउंडेशन का संदेश– एक कदम बदलाव की ओर।

# साइबर जागरूकता अभियान के तहत बीजपुर में लोगों को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार




बीजपुर, (सोनभद्र) बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में थाना बीजपुर पुलिस द्वारा कस्बा बीजपुर में लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर क्राइम पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने लोगों को अढङ फाइल फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक और सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। जागरूकता कार्यक्रम में उ0नि0 कमलाकांत पांडेय, म0आ0 निहारिका पांडेय, म0का0 हिना सरोज, आरक्षी कृष्ण कुमार गुप्ता और का0 अमित कुमार व श्रीकृष्ण मौजूद रहे।

# असहाय बंदियों का सहारा बना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र में विचाराधीन सत्र परीक्षण सं0- 99/2023 अ0 सं0- 108/22 अं0 धारा- 376 आई0पी0सी0 व श पॉक्सो एक्ट थाना जुगैल में अभियुक्त रामसकल उर्फ सिपाही बैगा पुत्र रामपति बैगा निवासी खरहरा टोला अमिला थाना जुगैल सोनभद्र वर्ष 2022 से जिला कारागार सोनभद्र में निरुद्ध था।




दिनांक 07.12.2022 को वादी मुकदमा द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार उसकी नाबालिक पुत्री, जिसकी उम्र 14 वर्ष थी, के साथ अभियुक्त रामसकल उर्फ सिपाही बैगा द्वारा दिनांक 25.11.2022 को बलात्कार किया गया था। जिस पर थाना जुगैल द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। थाना जुगैल द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। मा0 न्यायालय में मामले के विचारण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता के रुप में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काँसिल सत्यारण त्रिपाठी को निर्धन बंदी की ओर से प्रभावी पैरवी किये जाने हेतु नियुक्त किया गया। डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काँसिल सत्यारण त्रिपाठी द्वारा उक्त मामलें में अभियुक्त की ओर से जिरह करते हुए अभियुक्त के पक्ष को प्रभावी ढंग से मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र द्वारा दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद दिनांक 26.08.2026 को अभियुक्त को दोषमुक्त किया गया। इस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा एक निर्धन व असहाय बंदी की सहायता की गयी, जिससे उसे न्याय मिल सका। यह जानकारी राहुल, सिविल जज सी0डि0/सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा दी गई।

# रक्षाबन्धन पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा 04 नमूनें संग्रहित कर जॉच हेतु भेजा

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के पत्रांक-एफ०एस०डी०ए०/ रक्षा बंधन अभि० /2026-27/4224 दिनांक 21.08.2026 जिसमें आगामी पर्व रक्षाबन्धन के दृष्टिगत आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ यथा-खोवा, पनीर, दूध एवं दुग्ध उत्पाद से निर्मित मिठाइयों, बूंदी के लड्डू, समस्त प्रकार की मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु अभिसूचना एकत्रित करते हुए दिनांक 21.08.2026 से दिनांक 27.08.2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाये जाने के उद्देश से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 25.08.2026 को खलियारी रोड पटवध स्थित प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ खोवा व गुलाब जामुन का एक-एक नमूना, चोपन बाजार स्थित कन्हैया स्वीट्स से खाद्य पदार्थ-पनीर व चन्द्रकला मिठाई के एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित सभी नमूनों को जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक को भेजा जा रहा है। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ के प्रति जागरूक किया गया। दिनांक 25.08.2026 को सहायक आयुक्त (खाद्य)-कक. सोनभद्र के आदेश के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रमोद कुमार यादव, तहसील राबर्ट्सगंज द्वारा ओबरा बाजार में व्यापार मण्डल के सहयोग से एक कैम्प का आयोजित किया गया जिसमें कुल 40 खाद्य पंजीकरण आवेदन कराये गये। कैम्प में सुशील कुशवाहा गौरव जैन, धर्मराज सिंह, शुभम त्रिपाठी मनोज कुमार आदि खाद्य कारोबारकर्ता भी उपस्थित रहे।

# 501 महिलाओं को वितरित की गई मिठाई और साड़ियां

**लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का भव्य शुभारंभ।**

**60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सौगात।**

**रक्षाबंधन पर तीन दिवस तक सभी महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा।**

**स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को दिलाएंगे विश्व स्तरीय पहचान : जिलाधिकारी।**

**महिलाओं की भारी संख्या से गूंजा विकास भवन, मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन से बढ़ा उत्साह।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। लोकमाता अहिल्याबाई के त्याग, सेवा, सुशासन और नारी शक्ति के सम्मान की विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेंटर में लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी रही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसे सुनकर महिलाओं में उत्साह और बढ़ गया इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन एवं उनके जनकल्याणकारी योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन नारी शक्ति, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही रक्षाबंधन के पर्व पर सभी महिलाओं को तीन दिवस तक निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी गई है। यह निर्णय महिलाओं के सम्मान और सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के लिए उनके उत्पादों की ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और बेहतर मार्केटिंग सुनिश्चित की जाएगी। इससे स्थानीय उत्पादों की मांग और बाजार का विस्तार होगा तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित 501 महिलाओं को मिठाई एवं साड़ी वितरित की। विकास भवन परिसर में महिलाओं की भारी संख्या में मौजूदगी से उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर एडीएम वागीश शुक्ला, एसडीएम आशीष त्रिपाठी, विंध्य नगर डिपो के एआरएम नागेंद्र पांडेय तथा सोनभद्र डिपो के एआरएम नद लाल वर्मा समेत अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गरौठा क्षेत्र में बारिश का कहर, कई मार्ग बंद

## फसलों का हुआ भारी नुकसान,मुआवजे की उठी मांग

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदियां और नाले उफान पर हैं। छेछ नदी का जलस्तर बढ़ जाने से नागर, लखावती, गढ़वई और ककरवई समेत कई मार्गों पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। आवश्यक कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को घरों से निकलने में परेशानी हो रही है। लगातार बारिश के चलते कई लोगों के मकान गिरने से भारी नुकसान हुआ है। वहीं खरीफ की फसलें भी बर्बाद होने की कगार पर हैं, जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। सड़कें और पुलिया टूटने से कई रास्तों पर आवागमन बंद हो गया है। किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन से बारिश से हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वही उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि तेज बारिश के कारण नदियों और तालाबों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है ,ऐसे में बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से सावधानी बरते और नदी किनारे न जाए।उन्होंने सभी लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# नेपाल में फ्लैश फ्लड से तबाही, गंडक में बढ़ सकता है पानी का दबाव

**डीएम दीपक मीणा बोले– गोरखपुर में फिलहाल खतरे की स्थिति नहीं, राप्ती और घाघरा का पानी उतर रहा**

**एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी अलर्ट, प्रभावित इलाकों में राहत व स्वास्थ्य टीमों की निगरानी जारी**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। नेपाल में आए फ्लैश फ्लड के कारण भारी मात्रा में पानी भरने और वहां व्यापक नुकसान की सूचना के बाद गोरखपुर प्रशासन ने नदियों के जलस्तर और संभावित प्रभाव को लेकर निगरानी बढ़ा दी है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि नेपाल में आई बाढ़ का अधिक असर गंडक नदी में देखने को मिल सकता है। हालांकि गोरखपुर में फिलहाल इसका कोई विशेष प्रभाव पड़ने की स्थिति नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी तरह की अफवाह या आशंका को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, प्रशासन पूरी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। डीएम ने बताया कि नेपाल में फ्लैश फ्लड के कारण काफी पानी जमा हुआ है और वहां काफी नुकसान भी हुआ है। इसका प्रभाव मुख्य रूप से गंडक नदी के जलप्रवाह में दिखाई देने की संभावना है। गोरखपुर में राप्ती नदी का जलस्तर अभी काफी कम है, जबकि घाघरा नदी में भी पानी घट रहा है। ऐसे में वर्तमान स्थिति को लेकर जिले में किसी प्रकार की चिंता की बात नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़हलगंज क्षेत्र के छह गांव और खजनी क्षेत्र का एक गांव पूर्व में प्रभावित हुआ था। प्रभावित परिवारों तक प्रशासन की ओर से राहत सामग्री पहुंचाई गई थी और राशन किट का वितरण किया गया था। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मेडिकल टीमों को भी कैंप करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की निगरानी में राहत एवं स्वास्थ्य सेवाएं लगातार संचालित की जा रही हैं। डीएम के मुताबिक प्रभावित क्षेत्रों में भी पानी अब धीरे-धीरे नीचे उतर रहा है, जिससे स्थिति में सुधार हो रहा है।

### नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी

जिलाधिकारी ने कहा कि घाघरा और राप्ती नदी में पानी फिलहाल कम है। प्रशासन जलस्तर की लगातार निगरानी कर रहा है और संबंधित अधिकारियों को किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा है और किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू कराया जाएगा। डीएम ने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित टीमों को आवश्यक संसाधनों के साथ तैयार रहने को कहा गया है, ताकि जलस्तर में अचानक वृद्धि अथवा किसी क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया जा सके। नेपाल में फ्लैश फ्लड के कारण गंडक नदी में संभावित प्रभाव को देखते हुए प्रशासन पड़ोसी जनपद कुशीनगर की स्थिति पर भी नजर रख रहा है। डीएम ने कहा कि कुशीनगर में गंडक नदी का प्रभाव दिखाई देने की संभावना है। वहां आवश्यकता के अनुरूप एनडीआरएफ की टीम भेजने के लिए निर्देश दिए जाएंगे, ताकि संभावित परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# राष्ट्र चेतना मिशन की महिला सदस्यों ने पुलिसकर्मियों को राखी बाँधकर मनाया रक्षाबंधन

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर। राष्ट्र चेतना मिशन की महिला टीम ने बुलंदशहर कोतवाली नगर क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक सहित कार्यरत पुलिसकर्मियों को राखी बाँधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। गुरुवार को ऊपरकोट स्थित थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संगठन की महिला कार्यकताओं ने कोतवाली नगर प्रभारी इंस्पेक्टर सुजीत कुमार उपाध्याय, इंस्पेक्टर सुखवीर सिंह, एसएसआई वीरेन्द्र शर्मा, एसआई हर्षित गर्ग, एसआई बृजेश सिंह, कांस्टेबल डेविड शर्मा, लवली चौधरी, राहुल यादव, अंकित बालियान, अशोक कुमार, समय सिंह आदि सहित समस्त पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर, कलाई पर राखी बाँधकर, मिष्ठान खिलाकर स्वस्थ जीवन तथा दीघार्यु की कामना की। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने समाज की सुरक्षा के प्रति पुलिसकर्मियों के परिश्रम को नमन करते हुए सभी का विशेष आभार व्यक्त किया। राष्ट्र चेतना मिशन के महिला प्रमुख अनीता त्यागी ने कहा कि हर वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर समाज के वास्तविक रक्षक पुलिसकर्मियों को राखी बाँधकर उनके सुखद जीवन की प्रार्थना करते हैं। नागरिकों की सेवा के प्रति उनके समर्पण के लिए सभी का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। राष्ट्र चेतना मिशन के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष हेमन्त सिंह, महिला प्रमुख अनीता त्यागी, पूनम चौहान, सुषमा ठाकुर, पूनम अग्रवाल, देव शर्मा, गुरुदत्त सैन, मुकुल कुमार आदि सम्मिलित रहे।

# बामौर में नाले में गिरी कार, ग्रामीणों ने छह लोगों को सुरक्षित बचाया

अमन लेखनी समाचार



बामौर। गुरुवार दोपहर बामौर में हनुमान मंदिर के पास बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज बहाव वाले नाले में एक कार अचानक असंतुलित होकर जा गिरी। कार में सवार छह लोगों में चीख-पुकार मच गई। कार सवार विकेश (25), अंकित (22), रीना (25), मान्या (5), तान्या (9 माह) निवासी ईगुई कलां, जिला जालौन तथा सीमा (40) निवासी कुरैठा, झांसी, रक्षाबंधन का त्योहार मनाने ग्राम ठर्रो जा रहे थे। इसी दौरान हनुमान मंदिर के पास कार का संतुलन बिगड़ गया और वह नाले के तेज बहाव में जा गिरी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने सूझबूझ दिखाते हुए रस्सी के सहारे कड़ी मशक्कत कर सभी छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते हुई मदद से बड़ी अनहोनी टल गई। बचाव कार्य में नृपेंद्र चौहान, धर्मेंद्र चौहान, प्रेम नारायण, धम्मू, राजकुमार, ग्राम प्रधान संजय गुप्ता, गजेंद्र चौहान, डाटा चौहान, धर्मपाल, हरिकांत, आनंद गुप्ता, शंभू चौहान सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

पर्व उद्देश्य / डॉ. मोनिका शर्मा

भाई-बहन का रिश्ता बहुत अनमोल होता है। भाई अपनी बहन के लिए और बहन अपने भाई लिए बहुत बड़ा सपोर्ट होती है। जरूरत पड़ने पर दोनों एक-दूसरे की मदद करते हैं, ताकत बनते हैं। रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन, इसी उद्देश्य से मनाते हैं कि उनका रिश्ता हमेशा मधुर रहे, मजबूत बने, वे एक-दूसरे के लिए सबसे न्यारे और प्यारे बनें।

# बनो प्यारे-न्यारे से भाई-बहन



प्यारे बच्चो, रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन को स्नेह-प्यार की डोरी से बांधता है। सुरक्षा और संबल देता है। इस त्योहार के नाम पर ध्यान दोगे तो समझ में आएगा 'रक्षा' का मतलब ही सुरक्षा है। साथ ही 'बंधन' का अर्थ है-प्रेम का वह धागा, जो भाई की कलाई पर बहन बांधती है। कितनी प्यारी बात है ना, एक रंगीन धागे से भाई-बहन के जीवन में सतरंगी खुशियां बिखरती हैं। बचपन से जुड़ा यह प्यारा रिश्ता पूरी जिंदगी भाई और बहन दोनों को आपस में जोड़े रखता है। एक सुरक्षा देता है। दोनों को सबल बनाता है। बच्चो, इस जुड़ाव को मजबूती देने के लिए हमेशा एक-दूसरे को अच्छे से समझना जरूरी है। स्नेह-साथ का भाव रखना आवश्यक है। ताकि भाई के मन में अपनी बहन और बहन के मन में अपने भाई का साथ देने वाली भावनाएं हमेशा बनी रहें।

## सबसे प्यारे दोस्त

भाई-बहन एक-दूसरे के सबसे प्यारे दोस्त होते हैं। यह दुनिया में आने के बाद होने वाली सबसे पहली दोस्ती भी होती है। बच्चो, स्कूल या आस-पड़ोस में तो तुम्हारे मित्र बाद में बनते हैं, सबसे पहले तो बहन का भाई ही उसका फ्रेंड बनता है। इसी तरह भाई के लिए उसकी बहन ही उसकी पहली मित्र होती है। हल्की-फुल्की नोक-झोंक, मान-मनुहार और खट्टी-मीठी शिकायत वाली प्यारी बातें, सबसे पहले तुम्हें इस रिश्ते में ही देखने-जीने को मिलती हैं। असल में भाई-बहन का यह एक रिश्ता बहुत से रिश्तों को समेटे होता है। फ्रेंड, राजदार, एडवाइजर और कभी-कभी कट्टी हो जाने पर बड़ों से शिकायत करने वाला क्यूट-सा विरोधी। जाने कितने ही रूपों में भाई-बहन एक-दूसरे के साथ जीवन से जुड़ी बातों-हालातों को जीते हैं। इसीलिए तुम सब भी इस रिश्ते को मन से समझने और अपने भाई या बहन से जुड़े रहने में बिल्कुल पीछे नहीं रहना।

## मन को स्ट्रेंथ देता बॉन्ड



भाई-बहन का साथ कठिन समय में सबसे बड़ा संबल बनता है। मुश्किलों में भले पूरी दुनिया साथ छोड़ दे, पर भाई कभी अपनी बहन का साथ नहीं छोड़ते, हमेशा अपनी बहन से किया वादा निभाते हैं। वहीं बहनें भी हर परेशानी में अपने भाइयों की हिम्मत बढ़ाती हैं, साथ खड़ी होती हैं। दोनों ही मुश्किल समय में न सिर्फ सबसे पहले मदद के लिए आगे आते हैं बल्कि एक-दूजे की ढाल बनकर साथ डटे रहते हैं। यह बॉन्डिंग दूसरे सभी रिश्तों से कहीं ज्यादा पक्की होती है। साथ ही भाई हो या बहन, पूरे अधिकार से एक-दूसरे से मदद भी मांग सकते हैं। बिना संकोच के अपनी तकलीफें बता सकते हैं। बचपन से ही छोटी-छोटी आदतों को लेकर प्यार से रोक-टोक भी कर सकते हैं। उनकी समझाइश मन को अच्छी लगती है। यही वजह है कि भाई और बहन का यह प्यारा सा अनोखा रिश्ता जिंदगी भर मन को स्ट्रेंथ देने वाला बॉन्ड बना रहता है।

## पूरे परिवार को जोड़ता है रक्षाबंधन

रक्षाबंधन का धागा भाई-बहन को एक-दूसरे के साथ ही नहीं, पूरे परिवार के साथ रहना सिखाता है। तुमने देखा होगा कि इस दिन पापा की बहन यानी तुम्हारी बुआजी भी पापा को राखी बांधने आती हैं। ऐसे ही मम्मी के भाई यानी तुम्हारे मामाजी भी मम्मी से राखी बंधवाने आते हैं। वे अपने बचपन की यादें शेयर करते हुए भावुक हो जाते हैं। बड़े होने पर भी प्यार की यह डोरी भाई-बहन को दिल से जोड़े रखती है। यह बात सिखाती है कि परिवार के सभी लोगों में प्यार बना रहना चाहिए। बच्चो, तुम्हें भी अपने प्यारे बहन-भाई के साथ हंसी-खुशी यह प्यारा पर्व मानना चाहिए। पूरे परिवार को जोड़ने वाले मम्मी-पापा को तुम भाई-बहनों के बीच इस जुड़ाव को देखकर बहुत खुशी मिलती है। उनके मन को यह भरोसा मिलता है कि दोनों भाई-बहन यूं ही मान-मनुहार के साथ सदा एक-दूजे का संबल बने रहेंगे। इसीलिए बच्चो, तुम सब भी इस सुंदर पर्व को मनाते हुए प्यारे-न्यारे से भाई-बहन बने रहो। हमेशा एक-दूसरे का संबल बनो, एक-दूसरे की ताकत बनो। *

**सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं!**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## रक्षाबंधन आया!

पावन रक्षाबंधन आया,
भैया का भी मन हर्षाया।
बहना फूली नहीं समाई,
फूलों के जैसी मुस्काई।
खिला मिठाई तिलक करेगी,
राखी बांध खूब विहंसेगी।
और रुपए देगा भैया,
थिरकेगा मन ता-ता थैया।

मिलजुल रहते भाई-बहना,
मेलजोल जीवन का गहना।
संकट का जब भी क्षण आए,
बहना की वह लाज बचाए।
जीवन खुशियाली में गुजरे,
दर्द न मन के आंगन उतरे।
रक्षाबंधन का संदेशा,
भगे बहन का हर अंदेशा।



फीलिंग्स

# भाई-बहन का अनूठा प्यार

बहन भाई को, भाई बहन को जिस तरह एक-दूसरे से प्यार करते हैं, वह बहुत अनूठा होता है। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट हरिति जोशी अपने भाई और आयुध भानुशाली अपनी बहन से जुड़ी फीलिंग्स शेयर कर रहे हैं **बालभूमि** के साथ।

## भाई के साथ बिताया हर पल है खासः हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभाने वाली हरिति जोशी ने दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। रक्षाबंधन के मौके पर हरिति अपने भाई के साथ अपनी बॉन्डिंग के बारे में बताती है, 'मैं अपने भाई से बहुत प्यार करती हूं। वह मेरे लिए सिर्फ मेरा भाई नहीं, बल्कि मेरा सबसे अच्छा दोस्त भी है। वह हमेशा मेरा खयाल रखता है। उसके साथ रहने पर हमेशा कुछ न कुछ मजेदार होता रहता है।' अपने भाई को स्पेशल फील कराने के लिए हरिति हर संभव कोशिश करती है। वह बताती है, 'अपने भाई को स्पेशल फील कराने के लिए मैं उसके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताती हूं। उसकी पसंद का पूरा ख्याल रखती हूं। रक्षाबंधन पर उसे राखी बांधकर उसके हमेशा खुश रहने की कामना करती हूं। यही चीजें हमारे रिश्ते को और खास बनाती हैं।' अपने अब तक के सबसे मेमोरेबल रक्षाबंधन या अपने भाई के साथ बिताए मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति बताती है, 'भाई के साथ बिताया हर पल मेरे लिए खास है। छोटी-छोटी नोक-झोंक और साथ में की गई मस्ती, ये छोटी-छोटी बातें भाई-बहन के रिश्ते को खूबसूरत बनाती हैं।' इस रक्षाबंधन पर अपने भाई से हरिति क्या स्पेशल गिफ्ट लेगी, वह बताती है, 'मेरे भाई की तरफ से कोई प्यारा-सा सरप्राइज मिल जाए, वही मेरे लिए स्पेशल गिफ्ट होगा। मेरे लिए गिफ्ट से ज्यादा भाई से मिलने वाला प्यार इंपॉर्टेंट है।' *



## मेरी सबसे बड़ी सपोर्टर हैं मेरी बहनः आयुध भानुशाली



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में दुर्योधन का किरदार निभा रहे आयुध भानुशाली को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बहन को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए आयुध बताता है, 'मेरी बहन मेरे लिए सिर्फ बहन नहीं, इससे कहीं बढ़कर हैं। वह मुझसे कई साल बड़ी हैं। वह मेरी इकलौती बहन हैं और मैं उनका इकलौता भाई हूं। मेरी बहन मेरी सबसे अच्छी दोस्त, मेरी टीचर और मेरी सबसे बड़ी सपोर्टर भी हैं।' अपनी इतनी प्यारी बहन को स्पेशल फील कराने के लिए आयुध क्या खास करता है, पूछने पर वह बताता है, 'उन्हें स्पेशल फील कराने के लिए हम हर साल उनका जन्मदिन और रक्षाबंधन बड़े ही खास तरीके से मनाते हैं।' अपने अब तक के सबसे मेमोरेबल रक्षाबंधन के बारे में आयुध बताता है, 'मेरा सबसे मेमोरेबल रक्षाबंधन पिछले साल का था। रक्षाबंधन पर मैं अपने शो की शूटिंग के लिए जयपुर में था। मुझे लगा कि इस बार हम साथ में रक्षाबंधन सेलिब्रेट नहीं कर पाएंगे। अगली सुबह जब मैं सोकर उठा तो मेरे सामने मेरी बहन और मेरे पापा बैठे हुए थे। वे मुझे सरप्राइज देने के लिए रात की फ्लाइट लेकर जयपुर आ गए थे। हमने बड़े उत्साह-उमंग के साथ रक्षाबंधन मनाया।' आयुध इस साल रक्षाबंधन पर अपनी बहन को क्या गिफ्ट देगा, वह बताता है, 'इस साल मैं उन्हें ऑल-इन-वन हेयर स्टाइलिंग टूल गिफ्ट करने का प्लान कर रहा हूं।' *



**प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

# ओजोन की सिलाई



हाल में रेनू मंडल की कहानियों का संकलन आया है 'ओजोन की सिलाई'। इस संकलन में प्रकृति, पर्यावरण, विज्ञान के साथ अपने आस-पास के जीवन से जुड़ी 12 कहानियां हैं। पहली कहानी 'अंकुर और बरगद दादा' में छोटे-बड़े के बीच अंतर के साथ-साथ यह भी बताया गया है कि सफलता के लिए निरंतर परिश्रम-धैर्य की आवश्यकता होती है। 'अनोखी टाइम मशीन' कहानी में जंगल की आपसी बंदरबांट और बढ़ रही खींचतान के बीच पेड़-पौधों को लगाकर पानी बचाने का उल्लू का सुझाव मानकर सभी जानवरों ने हरियाली लाकर यह सिद्ध कर दिया कि ऐसे परिवर्तन मन बदलने से ही संभव हैं। 'अब चिंनी आजाद है' कहानी का मूल मंतव्य यही है कि पक्षियों को खुले में मुक्त रहकर ही उन्हें सुखद अनुभूति होती है। शीर्षक कहानी 'ओजोन की सिलाई' में बिगड़ रहे पर्यावरण संतुलन के कारण ओजोन की छतरी में बढ़ते छेद को कैसे रोककर पर्यावरण को संतुलित रखा जाए, बताया गया है। कहानी 'कथनी और करनी' में पेड़-पौधों के संरक्षण देने की बात कही गई है। 'कबूतर का चश्मा' कहानी में भी प्राकृतिक वातावरण को शुद्ध रखने और प्रदूषण से पृथ्वी को मुक्त रखने की सलाह दी गई है। 'फूल और तितली' कहानी में आन्या तितलियों को शीशी में बंदकर रखना चाहती थी, लेकिन उसके पापा ने बताया कि उसकी तरह तितलियों को भी खुलेपन और हवा की जरूरत होती है। बाद में आन्या ने ड्राइंग प्रतियोगिता में खुले बगीचे में रंग-बिरंगी तितलियों का इतना सुंदर चित्र बनाया कि उसे प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। संग्रह की अन्य कहानियां 'बादल की परेशानी', 'रिटर्न गिफ्ट' और 'साथ रहना है जरूरी' में भी संवेदनशील होने की सीख दी गई है। *

**पुस्तक:** ओजोन की सिलाई, **लेखिका:** रेनू मंडल
**मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, नई दिल्ली



कहानी
विमला रस्तोगी

# पुलकित को सिखाया सबक

पुलकित अपनी छोटी बहन को बहुत सताया करता था। मम्मी के समझाने का भी उसे कोई असर नहीं होता। यहां तक कि पुलकित के चाचा जी ने भी उसे समझाया फिर भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। पुलकित से तंग आकर उसके चाचा जी ने उसे सबक सिखाने के लिए एक प्लान बनाया। क्या था यह प्लान, क्या पुलकित में कुछ सुधार हुआ? पढ़ो, एक प्यारी-सी कहानी।



छह साल की पंखुरी बहुत ही प्यारी लड़की है। घर में उसका एक भाई पुलकित है, जो उससे चार साल बड़ा है। वह पंखुरी को बात-बात पर तंग करता है, चिढ़ाता है। पंखुरी रोने लगती है। मम्मी को यह सब बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। वह पुलकित को बहुत समझाती रहती हैं, 'देखो बेटा, पंखुरी तुमसे कितनी छोटी है। प्यारी-सी गुड़िया जैसी है। तुम उसे तंग करते हो, यह अच्छी बात नहीं है।'

'अच्छा, अब नहीं तंग करूंगा।' पुलकित मम्मी को भरोसा देता। लेकिन कुछ देर बाद ही वह पंखुरी को फिर परेशान करने लगता। मम्मी खीझ उठतीं। पुलकित के पापा अकसर टूर पर रहते हैं। मम्मी को ही घर-बाहर सब संभालना होता है। पुलकित जिस कॉलोनी में रहता है, उसके चाचा भी वहीं कुछ ही दूरी पर रहते हैं। वह कभी-कभी घर आते हैं। उन्हें भी पुलकित का पंखुरी को तंग करना अच्छा नहीं लगता। वह भी उसे समझाते रहते हैं, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता।

पुलकित बस से स्कूल जाता है। उसके जाने के एक घंटे बाद पंखुरी अपने स्कूल जाती है। वह दोपहर 12 बजे तक स्कूल से आ जाती है। पुलकित 2 बजे आता है।

एक दिन पुलकित स्कूल जाते समय बस्ता लगा रहा था, उसे अपनी पेंसिल नहीं मिली। उसने बहन से पूछा, 'मेरी पेंसिल कहां है पंखुरी?'

'मुझे नहीं पता।' पंखुरी बोली।

'मैं तेरी पेंसिल लेकर जा रहा हूं।' कहकर पुलकित ने पंखुरी की पेंसिल अपने बस्ते में रख ली और तेज कदमों के साथ घर से बाहर निकल गया। पंखुरी उसके पीछे-पीछे भागी, गिर गई, माथा कुर्सी से टकरा गया, वह रोने लगी। मम्मी आईं तो रोते हुए पंखुरी ने उन्हें सारी बात बताई। मम्मी ने देखा, पंखुरी के माथे से खून निकल रहा है। फर्स्ट एड देकर मम्मी तुरंत उसे डॉक्टर के पास ले गईं। उन्होंने उसे ठीक से मरहम-पट्टी कर दी। उस दिन पंखुरी अपने स्कूल नहीं जा पाई। उसी रोज चाचा जी घर आए तो मम्मी ने उन्हें सब बातें बताईं। पापा टूर पर गए थे। मम्मी, पापा को सारी बातें फोन पर बताकर उन्हें परेशान नहीं करना चाहती थीं।

पुलकित स्कूल से वापस लौटा तो पंखुरी के माथे पर पट्टी बंधी देखकर चौंका तुरंत पूछा, 'क्या हुआ इसे?'

'अपनी पेंसिल लेने तुम्हारे पीछे भागी थी, गिर गई। चोट लग गई। जब देखो तब तुम अपनी छोटी बहन को परेशान किया करते रहते हो। यह कितनी गलत बात है।' मम्मी गुस्साईं।

'अब परेशान नहीं करूंगा।' कहकर पुलकित अपनी छोटी बहन के पास बैठ गया। जब तक पंखुरी की चोट ठीक नहीं हुई, पुलकित ने उसे बिल्कुल परेशान नहीं किया। लेकिन कुछ दिनों बाद वह फिर उसे किसी न किसी बात पर तंग करने लगा।

एक दिन पुलकित स्कूल से लौटा तो उसे मम्मी बहुत परेशान-घबराई सी बैठी मिलीं।

'क्या हुआ मम्मी? इतनी परेशान क्यों हैं आप?' पुलकित ने पूछा।

'पंखुरी...' कहते हुए मम्मी का गला भर आया।

'क्या हुआ पंखुरी को..?' पुलकित ने जानना चाहा।

मम्मी ने बताया, 'कुछ देर पहले वह गेट पर खड़ी थी, मैं घर के काम में लगी थी। थोड़ी देर बाद जाकर देखा पंखुरी गेट पर नहीं है।'

'क्या कह रही हो मम्मी! क्या आपने आस-पास के घरों में पूछा? चाचा जी को फोन किया?' पुलकित ने घबराते हुए मम्मी से पूछा।

'हां, मैंने आस-पास के सभी घरों में पूछ लिया। तुम्हारे चाचा जी को भी फोन किया, पंखुरी उनके यहां भी नहीं थी। पता नहीं पंखुरी कहां गायब हो गई?' मम्मी बोलीं।

'मैं चाचा जी के पास जा रहा हूं, उनके साथ पुलिस स्टेशन जाऊंगा।' कहते हुए जल्दी से साइकिल उठाकर पुलकित निकल गया। रास्ते में उसने अपने दोस्त को उसकी बहन के साथ आइसक्रीम खाते देखा तो उसे पंखुरी की बहुत याद आई। राखी भी आने वाली है, स्कूल में अनु बता रही थी। पिछले साल रक्षाबंधन पर कितनी सारी चॉकलेट और मिठाइयां पंखुरी ने मम्मी से मंगवाकर उसे दी थीं। पुलकित मन ही मन यह सब सोचता जा रहा था। उसकी आंखों में आंसू आ गए।

पुलकित चाचा जी के घर पहुंचा। उन्हें सब बातें बताईं। रुंआसा होकर बोला, 'पता नहीं पंखुरी किस हालत में हो? लगता है कोई पकड़ कर ले गया।'

'तुम्हारे लिए तो अच्छा ही हो गया।' चाचा जी ने तंज कसा। 'ऐसा ना कहिए। अब मैं उसे सचमुच में कभी परेशान नहीं करूंगा। कान पकड़ता हूं। जल्दी पुलिस स्टेशन चलिए चाचा जी।' पुलकित रोते हुए बोला।

'चुप हो जाओ पुलकित। आज तुम्हें अपनी गलती का अहसास हो गया है। बैठो, पंखुरी अभी आती होगी।' चाचाजी थोड़ा सहज होते हुए बोले।

'क्या मतलब..?' पुलकित ने चौंक कर पूछा।

'तुम्हारी शैतानियों से मैं, तुम्हारी मम्मी और पंखुरी सब बहुत परेशान थे। तो मैंने भाभी के साथ मिलकर यह प्लान बनाया। तुम्हारे स्कूल से आने से पहले मैं पंखुरी को अपने घर ले आया था। अब तो तुम समझ गए होगे...।' चाचा जी की बात पूरी होने से पहले ही सामने से पंखुरी चाची जी का हाथ पकड़े आ गई। पुलकित ने तुरंत पंखुरी को गले लगा लिया। दोनों भाई-बहन एक-दूसरे का हाथ पकड़े चाचा जी के साथ अपने घर पहुंचे।

कुछ दिन बाद राखी का त्योहार आया। पंखुरी ने लाल रंग की फ्रॉक पहनी, वह बहुत ही प्यारी लग रही थी। पंखुरी ने पुलकित को राखी बांधकर मिठाई खिलाई। पुलकित ने एक बहुत ही सुंदर गुड़िया उसे उपहार में दी। पापा भी आ गए थे। पुलकित और पंखुरी की कई फोटोज पापा ने खींचीं। घर में सभी बहुत खुश थे। *

## जीके क्विज-220

1. टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. अर्जुन पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
3. ओणम किस राज्य का प्रसिद्ध त्योहार है?
4. उगते सूरज का देश किसे कहते हैं?
5. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की?
6. विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान कौन-सा है?
7. लोहे का रासायनिक प्रतीक क्या है?
8. संसार का सबसे छोटा पक्षी कौन-सा है?
9. 'गीतांजलि' के लेखक कौन है?
10. शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-220 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-219 का उत्तर:** 1. अश्मिता चालिहा, 2. अजीत डोभाल, 3. लद्दाख, 4. हर्षवर्धन, 5. 29 अगस्त, 6. 8 ग्रह, 7. लिथियम, 8. जीरो डिग्री, 9. अंटार्कटिका, 10. ग्रीनलैंड

**जीके क्विज-219 का सही उत्तर देने वाले:** हर्षित-बिलासपुर, कोमल-महासमुंद, ध्रुव-बलौदा बाजार, कशिश-दुर्ग, यशिका-रायपुर, दिव्या-रोहतक, आशुतोष-रायगढ़, प्रिया-महेंद्रगढ़, रोहित-बालोद, स्वीटी-धमतरी, कृष्णा-दुर्ग

## रंग भरो-209

**रंग भरो-209** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



आशना, जांजगीर



मोक्षित, ब्यावर



रूबेन, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



कुंजल, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

देवांश-महेंद्रगढ़, आयुष-कोरबा, दिशा-बिलासपुर, कुसुम-रोहतक, काव्या-जबलपुर, सूरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चेतना-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, सचिन-बिलासपुर, तेजस-कोरबा

## रंग भरो 210



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बहन अपने भाई को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे।